हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## हिट एंड रन कानून का विरोध

वाहन चालकों की हड़ताल का छत्तीसगढ़ में व्यापक असर, दिनभर भटकते रहे यात्री

हिट एंड रन कानून के खिलाफ वाहन चालकों की देशव्यापी हड़ताल का असर छत्तीसगढ़ में भी अन्य राज्यों की तरह हो रहा है। राजधानी रायपुर से लेकर दूरदराज के इलाकों में पेट्रोल डीजल को लेकर हाहाकार की स्थिति बनी रही। हालांकि ईंधन के लिए यह मारामारी सोमवार रात से शुरू हो गई थी, जो आज दिन भर चली।

# पेट्रोल-डीजल के लिए कोहराम

## सब्जियां नहीं पहुंची, यात्रियों की मुसीबत, सीएम बोले-हालात बिगड़े तो कलेक्टर-एसपी जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बीच मालवाहक ट्रकों से लेकर मंझौले वाहन और बड़ी संख्या में यात्री बसों का संचालन ठप रहा। आम लोगों को इस वजह से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। एक ही दिन में सब्जियां महंगी हो गई। आवश्यक सामान की आपूर्ति भी प्रभावित रही। हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय से वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेस की। उन्होंने कहा है कि अगर हालात बिगड़े तो कलेक्टर-एसपी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस वीसी में संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों के साथ जिलों के कलेक्टर तथा एसपी शामिल हुए। ▶▶| शेष पेज 5 पर



### सरकार-ट्रांसपोर्टर में सुलह

### सरकार ने दिया आश्वासन, ड्राइवरों से काम पर लौटने की अपील

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने मंगलवार को कहा कि 'हिट-एंड-रन' मामलों से संबंधित नया दंड प्रावधान लागू करने का निर्णय ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस से परामर्श के बाद ही लिया जाएगा। गृह सचिव भल्ला ने ट्रक चालकों से काम पर लौटने की भी अपील की। गृह सचिव ने एआईएमटीसी के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद कहा, सरकार यह बताना चाहती है कि ये नए कानून और प्रावधान अभी लागू नहीं हुए हैं।

**आज खत्म हो सकती है हड़ताल**

दो दिन से चली आ रही हड़ताल बुधवार को खत्म हो सकती है। सरकार के साथ बैठक के बाद ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने कहा है कि ट्रक ड्राइवर अपनी हड़ताल वापस लें और काम पर लौट आएं। ट्रांसपोर्ट संगठन ने देशभर के ड्राइवरों से हड़ताल वापस लेने को कहा है। सरकार की तरफ से संगठन को आश्वसन दिया गया है।




- 10 साल की सजा और 7 लाख जुर्माने की सजा पर गुस्सा
- केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने ली उच्चस्तरीय बैठक
- एक नए दंड प्रावधान फिलहाल लागू नहीं करेगी सरकार

**ऐसे मिलेगी राहत**

ड्राइवरों को नए कानून से ऐसे मिलेगी राहत एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि एक वाहन चालक जो गलती से किसी व्यक्ति को टक्कर मार देता है और बाद में पुलिस को उस बारे में सूचित करता है या पीड़ित को नजदीकी अस्पताल ले जाता है, उस पर हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता के कड़े प्रावधान के तहत मुकदमा नहीं चलाया जाएगा। यदि वाहन चालक को डर है कि दुर्घटना स्थल पर रुकने पर उस पर हमला किया जाएगा, तो वह निकटतम पुलिस थाने जा सकता है या पुलिस या टोल फ्री आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 108 पर कॉल कर सकता है और दुर्घटना के बारे में सूचित कर सकता है।



### पेट्रोल-डीजल के लिए तरसे लोग

महासमुंद में यात्री और पब्लिक ट्रांसपोर्ट के पहिए थम जाने के चलते इसका सीधा असर पेट्रोल पंपों पर नजर आया। इसके चलते निजी दो पहिया और चार पहिया वाहनों के जरिए लोगों की आवाजाही बढ़ने के साथ पेट्रोल पंपों में वाहनों की कतार देखने को मिल रही है।



### मालवाहक नहीं चलने से किसानों पर आर्थिक मार

*जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार रन एंड हिट कानून के विरोध में बस्तर संभाग के वाहन संचालकों में आक्रोश है। इस नए कानून के विरोध में माल परिवहन से जुड़े वाहनों के पहिये सोमवार से थम गई है।*

बस्तर परिवहन संघ के आंदोलन में कूदने से समूचे बस्तर संभाग में इसका व्यापक असर देखा जा रहा है। माल परिवहन ठप होने का सबसे विकट स्थिति किसानों में बना हुआ है। बस्तर जिले में उन्नत किसान लाभकारी फसलों में बड़ी तादात में मिर्च, टमाटर, करेला, बिंस, लौकी का उत्पादन करते है। परिवहन व्यवस्था बंद होने से किसानों को ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पेट्रोल-डीजल के लिए मारामारी

हड़ताल की वजह से आम लोगों को पेट्रोल-डीजल के लिए सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी है। सुबह से ही रायपुर व आसपास के इलाकों में लोग पेट्रोल पंपों की और दौड़े। सभी पंपों में भारी भीड़ के साथ वाहनों के साथ लोगों की कतारें लगी रहीं। भीडभाड़ की वजह से कुछ स्थानों लोग आपस में भी उलझे। दोपहर बाद तक रायपुर के आधे ▶▶| शेष पेज 5 पर



### कांकेर में आज चक्काजाम

सर्व ड्रायवर महासंघ ने कांकेर के एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपकर कहा है कि हिट एंड रन कानून के खिलाफ नेशनल हाईवे माकड़ी चौक में एक घंटे तक सांकेतिक चक्काजाम किया जाएगा। संगठन ने कहा है कि केंद्र सरकार यह कानून तत्काल वापस नहीं लेती है तो भविष्य में भी महासंघ द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।



### पेट्रोल पंप में लंबी लाइन, विवाद भी

भिलाई से मिली जानकारी के अनुसार ट्रांसपोर्टर्स और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले जाने के बाद से ट्विनसिटी के पेट्रोल पंपों में दो पहिया, चार पहिया चालकों की लंबी लाइन लग रही। भिलाई-दुर्ग समेत आसपास के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल लेने के लिए चालक बोतलों में पेट्रोल भरकर स्टाक करने में जुट गए है। शहर के ▶▶| शेष पेज 5 पर

### 24 घंटे निगरानी रखने का आदेश

अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेस के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आम लोगों तक इसकी सही जानकारी पहुंचे



और भ्रामक खबरें न फैले। अफवाह फैलाने वालों पर कार्यवाही की जाए। अधिकारी पेट्रोल, डीजल, दवाइयां, फल, सब्जी, अनाज की उपलब्धता की जानकारी लें और इसकी सतत आपूर्ति सुनिश्चित करें। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करें और स्थिति पर नजर बनाए रखें। प्रदेश व जिले स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया जाए जो 24 घंटे संचालित हो। किसी ▶▶| शेष पेज 5 पर

### प्रदेश में एक हजार निजी स्कूल बंद

स्कूल बसों के ड्राइवर भी हड़ताल के समर्थन में उतर आए हैं। इसके कारण प्रदेश भर के निजी स्कूलों के बसों के पहिए थमे रहे। छोटे स्कूल जहां बस सुविधा नहीं है तथा छात्र स्वयं के साधन से आते हैं, वहां नियमित रूप से कक्षाएं संचालित होती रहीं। इसके इतर बड़े स्कूल जहां छात्र बसों के माध्यम से ही छात्र आवागमन करते हैं, वहां ताले लटके रहे। छग में 8 हजार 500 निजी स्कूल हैं। इनमें से एक हजार निजी स्कूल मंगलवार ▶▶| शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### महाकालेश्वर में आठ लाख से ज्यादा श्रद्धालु



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में नए साल के पहले दिन आठ लाख से अधिक श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। सोमवार को दिन भर मंदिर बंद होने तक 8.10 लाख भक्तों ने मंदिर में दर्शन किए।

### बस-ट्रक की टक्कर, तीन की मौत, 20 जख्मी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक जिले में एक बस और ट्रक की आमने सामने की टक्कर में मंगलवार को कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 यात्री जख्मी हो गए। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दुर्घटना में तीन लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया।

### प्रोफेसर वेद प्रकाश नंदा का निधन



प्रसिद्ध कानूनविद प्रोफेसर वेद प्रकाश नंदा का निधन हो गया। भारतीय मूल के अमेरिकी शिक्षाविद नंदा अंतरराष्ट्रीय कानून के विशेषज्ञ थे। उन्हें 2018 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। गुजरांवाला में 1934 में जन्मे नंदा का एक जनवरी को डेनवर में निधन हो गया।

**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा**

## छत्तीसगढ़ में 22 को शुष्क दिवस घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया। भगवान श्रीराम के ननिहाल में अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर खुशी का माहौल। रामलाल के भोग के लिए उनके ननिहाल छत्तीसगढ़ से किसान संघ की ओर से सब्जियों की खेप अयोध्या रवाना की जाएगी।

**सरकार ने मनाया सुशासन सप्ताह**

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में 25 दिसंबर से 2 जनवरी तक सुशासन सप्ताह मनाया गया। इसका संकल्प था राज्य में राम राज्य यानी सुशासन स्थापित करना। गौरतलब है कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस से सप्ताह की शुरूआत की गई थी।

**पुलिस या नक्सली किसकी लगी गोली, हो रही जांच**

## क्रॉस फायरिंग में बच्ची की मौत के बाद मौके पर पहुंची पुलिस-फॉरेसिंक टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बीजापुर जिले के गंगालुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुदवेंडी के करीब सोमवार शाम नक्सलियों व पुलिस के बीच मुठभेड़ के दौरान लगभग 20 मिनट दोनों ओर से फायरिंग चल रही थी, जिसके बाद नक्सली गांव व ग्रामीणों की आड़ लेकर भागने में सफल रहे। इस बीच क्रॉस फायरिंग की जद में आने से तीन माह की मासूम सोढ़ी बामन की मौत हो ▶▶| शेष पेज 5 पर


क्रास फायरिंग में दुधमुंही बच्ची की मौत, मां घायल

- पीएम के बाद बच्ची का गांव में किया गया अंतिम संस्कार
- गांव का आड़ लेकर नक्सली कर रहे थे फायरिंग

**मृत बच्ची की माता को मिलेंगे 7 लाख**

राज्य शासन गृह विभाग द्वारा नक्सली पीड़ित व्यक्तियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए स्वीकृत संशोधित कार्ययोजना आदेश के तहत अनुशंसा पश्चात क्रॉस फायरिंग में गोली लगने से घायल/मृत्यु आम नागरिकों के आश्रित परिवारों में से मासे सोढ़ी को 7 लाख रुपए सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

**वैवाहिक विवाद मामले में केंद्र ने दी नई सुविधा**

## महिला कर्मी पेंशन के लिए बच्चों को बना सकेगी नामिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि महिला कर्मचारी वैवाहिक विवाद के मामले में पति के बजाय अपने बच्चे या बच्चों को पारिवारिक पेंशन के लिए नामांकित कर सकेंगी। केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2021 का नियम 50 सरकारी कर्मचारी या सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन देने की अनुमति देता है। यदि किसी मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी की जीवित पति या पत्नी हैं, तो पारिवारिक पेंशन सबसे पहले पति या पत्नी को दी जाती है। ▶▶| शेष पेज 5 पर



**नियम में ऐसा संशोधन**

- ऐसे सभी मामलों में जिनमें तलाक की याचिका दायर की गई है
- घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम के तहत याचिका दायर की गई है
- भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामलों में ले सकेंगे निर्णय

**महिलाओं को सशक्त बनाने**

पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के सचिव वी श्रिनिवास ने कहा कि यह संशोधन डीओपीपीडब्ल्यू ने प्राप्त अभ्यावेदनों को ध्यान में रखते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के परामर्श से किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के राजस्थान कैडर के अधिकारी श्रीनिवास ने कहा, यह संशोधन प्रगतिशील प्रकृति का है। पारिवारिक पेंशन के मामलों में महिला कर्मचारियों को सशक्त बनाता है।

**पहले था ये नियम**

यदि किसी मृत सरकारी कर्मचारी या पेंशनभोगी के परिवार में पति या पत्नी हैं, तो पारिवारिक पेंशन पहले पति या पत्नी को दी जाती है। नियमों के अनुसार, परिवार के अन्य सदस्य अपनी बारी पर पारिवारिक पेंशन के लिए तभी पात्र हो पाते हैं, जब मृतक सरकारी सेवक/पेंशनभोगी का जीवनसाथी पारिवारिक पेंशन के लिए अयोग्य हो जाता है या उसकी मृत्यु हो जाती है।



# ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल

*ट्रांसपोर्टरों व बसों की देश व्यापी हड़ताल के कारण नये साल का जश्न मनाने आये पर्यटकों को वापस जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। व घंटों बस स्टैण्ड पर अपने सामान व परिजनों के साथ वापस जाने के लिए वाहनों की प्रतीक्षा करनी पड़ी।*

# सैलानी हलाकान

## नए साल का जश्न मनाने आए पर्यटक वापसी के लिए हो रहे परेशान

## उत्तराखंड, हिमाचल सहित मुंबई, गोवा दिल्ली में सेलिब्रेशन के लिए पहुंचे थे लोग


देहरादून

उत्तराखंड, हिमाचल सहित मुंबई, गोवा, दिल्ली, हैदराबाद में भी सैलानी वापसी को लेकर हलाकान रहे। बड़ी संख्या में पर्यटक नये साल का जश्न मनाने मसूरी आये लेकिन साल के पहले दिन ही देश भर के ट्रांसपोर्टरों ने हड़ताल कर दी हालांकि हड़ताल का निर्णय पूर्व में लिया गया था लेकिन किसी को इस बात का ध्यान नहीं रहा जब सुबह नये साल का जश्न मनाकर वापस बसों से जाने के लिए बस स्टैण्ड पर आये तो बसे न मिलने के कारण परेशानी हुई। हालांकि टैक्सी एसोसिएशन इस हड़ताल में शामिल नहीं हुई जिस कारण पर्यटकों को अधिक पैसा खर्च कर वापस जाने को मजबूर होना पड़ा। ऐसा ही नजारा, देहरादून, टिहरी, गढ़वाल जैसे शहरो में भी दिखाई पड़ा। घाटी में कठुआ से कश्मीर तक पर्यटक सहित लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पेट्रोल पंपों में फ्यूल के लिए लंबी-लंबी कतारें नजर आईं।



मसूरी


शिमला



श्रीनगर


हैदराबाद


शिमला

### यह बोले पर्यटक

मेरठ से आये पर्यटक राम कुमार शर्मा ने बताया कि वह परिवार के साथ नये साल का जश्न मनाने मसूरी आये थे लेकिन उन्हें हडताल के बारे में पता नहीं था, सुबह जब बस स्टैण्ड आये तो पता चला व परिवार व सामान के साथ घंटो बस स्टैण्ड पर इंतजार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अब अधिक पैसा देकर टैक्सी से जाना पडेगा लेकिन देहरूदन से आगे किस तरह जायेगे यह समस्या परेशान कर रही है। दिल्ली से आये पर्यटक शैलेंद्र ने कहा कि हडताल के कारण देहरूदन पहुचने की चिंता सता रही है क्यों कि उनकी ट्रेन की बुकिंग है अगर समय से नहीं पहुचे तो समस्या हो जायेगी।


मसूरी

### दिल्ली का लिया 3000 किराया

रोडवेज बस अड्डे से दिल्ली, देहरादून, फरीदाबाद, नैनीताल रूट सहित सभी रूटों के लिए सोमवार को बसें नहीं गई। इससे दिल्ली, देहरादून जाने वाले यात्री सबसे अधिक परेशान रहे। दिल्ली के लिए उसने पहले 3000 रुपये किराया बताया, लेकिन लोकल होने की बात कहने पर 2500 रुपये में दिल्ली छोड़ने की बात चालक ने कही।



बिलासपुर
बुधवार 3 जनवरी 2024
पौष कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 23, अंक : 313
पृष्ठ : 10+4 = 14, मूल्य : 4.00 ***

मौसम
अधि. 28.6
न्यून. 14.6

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7 दिग्गज फुटबॉलर मेसी को बड़ा...



विचार पेज
2 शहरों की सूरत कब संवरेगी?




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पांच देश ब्रिक्स के बने पूर्ण सदस्य



**नई दिल्ली।** भारत, रूस और चीन सहित शीर्ष उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले ब्रिक्स समूह ने वैश्विक मामलों में पश्चिमी प्रभुत्व की पृष्ठभूमि में अपनी रणनीतिक शक्ति बढ़ाने के प्रयास के तहत इसमें पांच पूर्ण सदस्यों को शामिल करने की घोषणा की है। यह समूह अब 10 देशों का संगठन बन गया है, जिसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात नए सदस्य के रूप में शामिल हो गए हैं।

### कोरोना के 573 नए केस, दो मौतें



**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 573 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,565 हो गई है। पिछले 24 घंटे की अवधि के दौरान कर्नाटक और हरियाणा में एक-एक व्यक्ति की संक्रमण से मौत हो गई।

### समोसे खाने से 20 शिक्षक हुए बीमार



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के दनकौर कस्बे में एक महाविद्यालय में नव वर्ष के मौके पर आयोजित समारोह में कथित तौर पर समोसे खाने से 20 शिक्षकों की तबीयत बिगड़ गई। नव वर्ष के मौके पर समारोह के लिए कस्बे की नामी मिष्ठान दुकान से समोसे, मिठाइयां और अन्य खाद्य सामग्री मंगाई गई थीं।

### बोरवेल से निकाली गई मासूम की मौत



**देवभूमि द्वारका।** गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में 30 फुट गहरे बोरवेल में गिरी तीन वर्षीय लड़की की एक अस्पताल में मौत हो गई। लड़की को बोरवेल से निकाले जाने के बाद बेहोशी की हालत में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी।

### विस्फोट में पति की मौत के बाद महिला ने जान दी



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खोरधा जिले में महिला ने एक अस्पताल में हुए विस्फोट में पति की मौत के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। महिला का शव सोमवार को राज्य की राजधानी के बाहरी इलाके जटनी के पास नुआगांव गांव में घर की छत से लटका मिला।


भूपेश का नया ठिकाना ई-1 छत्तीसगढ़ क्लब के पास, सीएम साय का बंगला अभी तय नहीं

# महंत के बंगले में रमन, टीएस निवास में साव, विजय को ताम्रध्वज का आवास

**सीएम हाउस अभी खाली रहेगा, माना जा रहा है वहीं जा सकते हैं विष्णुदेव**
















हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कई दिन के इंतजार के बाद आखिर छत्तीसगढ़ के मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को बंगले आवंटित कर दिए गए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को स्पीकर हाउस आबंटित किया गया है। यहां रह रहे डॉ. चरणदास महंत को गांधी उद्यान के पीछे ई-1 सरकारी आवास आबंटित किया गया है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को ई-1 छत्तीसगढ़ क्लब के पास सिविल ▶▶शेष पेज 5 पर

अलग खबर

### गुरु रुद्र का बंगला दयालदास को

*मंत्री दयालदास बघेल को जेल रोड़ स्थित वन विभाग का पुराना वन संरक्षक बंगला आबंटन किया गया है। यहां पर पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार निवास कर रहे थे। मंत्री केदार कश्यप को फारेस्ट कॉलोनी राजातालाब में सी-4 और सी-5 बंगला आवंटन किया गया है। यहां पर मंत्री अनिला भेंडिया रह रही थी। मंत्री लखनलाल देवांगन* ▶▶शेष पेज 5 पर

### भाजपा अध्यक्ष किरण को भी बंगला



*भाजपा अध्यक्ष किरण देव को सिविल लाईस में बंगला आवंटन का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि उनसे मासिक लायसेंस शुल्क के रूप में 638 रुपए लिया जाएगा।*

### जयसिंह का बंगला नेताम को, पूर्व डिप्टी सीएम का बंगला डिप्टी सीएम को

*डिप्टी सीएम अरूण साव को पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का बंगला आवंटित किया गया है। संयोग से टीएस सिंहदेव भी पूर्ववर्ती सरकार में डिप्टी सीएम ही थे। वहीं गृहमंत्री विजय शर्मा को भी पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का बंगला आबंटित किया गया है। बृजमोहन अग्रवाल को पूराना कमिश्नर बंगला दिया गया है। वे पिछले 20 साल से इस बंगले में रहे हैं। मंत्री रामविचार नेताम को सी-5 सिविल लाइंस शंकर नगर में बंगला दिया गया है। यहां पर पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल निवास कर रहे थे। पूर्व में चर्चा थी कि जयसिंह अग्रवाल का बंगला पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आवंटित किया गया है। लेकिन जारी आदेश में इसे श्री नेताम को दिया गया है।*

### दिग्गजों के नए पते

- विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह- स्पीकर बंगला, शंकर नगर
- पूर्व सीएम भूपेश बघेल-ई-1 छत्तीसगढ़ क्लब के पास
- नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत- ई-1 गांधी उद्यान के पीछे
- अरूण साव -डी-8 सिविल लाईंस
- विजय शर्मा - सी-3 सिविल लाईंस
- बृजमोहन अग्रवाल - बी 5/1 पुराना कमिश्नर बंगला
- रामविचार नेताम- सी-5 सिविल लाईस शंकर नगर
- दयालदास बघेल- सी-5 जेल रोड़ पुराना वन संरक्षक बंगला
- केदार कश्यप - सी-4 और सी-5, फारेस्ट कॉलोनी राजातालाब
- लखनलाल देवांगन-सी-4 शंकर नगर
- श्याम बिहारी जायसवाल- सी-2 शंकर नगर
- ओपी चौधरी-डी 5/9 शंकर नगर
- लक्ष्मी राजवाड़े - डी-7, डी-8 शंकर नगर
- टंकराम वर्मा-बी -5/ 10 शंकर नगर
- भाजपा अध्यक्ष किरण देव - बी 5/12 सिविल लाईस

## लैंडिंग के वक्त टकराए दो विमान लगी आग जान बचाने कूदे यात्री




एजेंसी ▶▶ तोक्यो

भूकंप से मची तबाही को अभी 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि जापान में एक और बड़ा हादसा हो गया। मंगलवार को तोक्यो के हानेडा एयरपोर्ट के रनवे पर दो विमान आपस में टकरा गए। यात्री विमान आग का गोल बनकर रनवे पर दौड़ता रहा। इसमें 379 यात्री सवार थे, जिन्होंने जलते विमान से कूदकर अपनी जान बचाई और समय रहते सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए। वहीं, दूसरा विमान तटरक्षक का था, जिसमें सवार 6 क्रू मेंबर्स में से पांच की मौत हो गई। तोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे के रनवे पर उतरने के बाद मंगलवार को एक विमान एक अन्य विमान से टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। एनएचके टीवी की खबर में बताया गया जापान एयरलाइंस की उड़ान जेएएल-516 के पूरी तरह आग लगने से पहले उसमें सवार सभी यात्री सुरक्षित बाहर आ गए। माना जा ▶▶शेष पेज 5 पर

### राहत सामग्री लेकर जाने वाला था दूसरा विमान

तटरक्षक का विमान भूकंप प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री पहुंचाने जा रहा था। दरअसल, तटरक्षक का विमान पश्चिमी तट पर निगाटा एयरपोर्ट की ओर जा रहा था। इस विमान में भूकंप प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री थी, लेकिन मदद पहुंचाने से पहले ही ये हादसे का शिकार हो गया। फिलहाल अधिकारी मामले की जांच में जुट गए हैं और पता लगाया जा रहा है कि आखिर इतनी बड़ी चूक कैसे हुई।

## झारखंड से योजना बनाकर आए पति ने पत्नी और बच्चों का घोंटा गला





- चार की हत्या, खुदकुशी की कोशिश नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मस्तूरी क्षेत्र के हिर्री में दिलदहला देने वाली वारदात हुई है। चरित्रशंका पर दो दिन पहले झारखंड से योजना बनाकर लौटे पति ने पत्नी व तीन बच्चों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी और फांसी लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की। फंदा टूट जाने पर कीटनाशक खोजा, नहीं मिलने पर उसने थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, हिर्री निवासी उमेंद्र केंवट 34 साल रोजी मजदूरी का काम करता है। वह अपनी पत्नी सुकरिता 28 साल के चरित्र पर शंका करता था। सोमवार की रात वह घर आया और सो रही पत्नी सुकरिता को बातों में उलझा कर घर के पीछे ले गया और उसके गले में नायलोन की रस्सी फंसा कर जमीन में गिरा दिया और गला घोंटकर हत्या कर दी। उसके बाद कमरे में आकर सो रही 8 साल की खुशी, 4 साल की निशा और 2 साल के पवन का एक एक कर रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। उसके बाद उसने म्यार में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, किन्तु रस्सी टूट जाने से वह बच गया। उसके बाद उसने कमरे में कीटनाशक ▶▶शेष पेज 5 पर

### थाने में किया आत्मसमर्पण

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उमेंद्र केंवट मंगलवार की सुबह 4 बजे मस्तूरी थाने आया और बाहर बैठ गया। सुबह 4 बजे गश्त कर पेट्रोलिंग पार्टी थाने पहुंची। पुलिसकर्मियों ने उससे पूछताछ की तो उसने पत्नी सहित तीन बच्चों की हत्या करना बताया। चार लोगों की हत्या से पुलिसकर्मियों के हाथ पांव फूल गए। आनन फानन में उसे उसके घर लेकर गए तो पीछे उसकी पत्नी व अंदर कमरे में खाट पर तीनों बच्चों के ▶▶शेष पेज 5 पर

### चरित्रशंका पर की हत्या

चरित्रशंका पर पति उमेंद्र ने पत्नी सहित तीन बच्चों की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी और खुदकुशी करने की कोशिश, किन्तु वह बच गया। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

-अर्चना झा, एडीशनल एसपी ग्रामीण

# अबकी बार 400 पार... तीसरी बार मोदी सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**भाजपा ने तय किया नारा**

भारतीय जनता पार्टी की मंगलवार को एक अहम बैठक हुई, जहां लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का नारा 'अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार' तय कर दिया गया। इसके लिए पार्टी ने राज्य, लोकसभा और विधानसभा स्तर पर संयोजक और सह-संयोजक भी तय कर दिए हैं। बैठक में बताया गया है कि जल्दी ही लोकसभा क्लस्टर्स में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे शुरू हो जाएंगे। बैठक में अयोध्या में राम मंदिर के प्राण- प्रतिष्ठा समारोह पर भी चर्चा की गई। बैठक में पार्टी महासचिव सुनील बंसल, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव और मनसुख मंडाविया और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा मौजूद थे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा, बीएल संतोष, सुनील बंसल, विनोद तावड़े, तरुण चुघ, दुष्यंत गौतम भी मौजूद थे। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश से भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल और राजेश्वर सिंह भी बैठक के लिए पहुंचे थे। बैठक में तकरीबन 150 लोग शामिल थे। अयोध्या में राम मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे।

**राम मंदिर के दर्शन के लिए जाने वाले लोग भाजपा के झंडे का इस्तेमाल नहीं करेंगे**



### दूसरी पार्टी के असंतुष्ट नेताओं से संपर्क के लिए बनाई कमेटी

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए एक कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य काम विभिन्न राजनीतिक दलों के असंतुष्ट नेताओं से संपर्क करना और उन्हें पार्टी में शामिल करने पर फोकस रहेगा। इतना ही नहीं, इस कमेटी को शक्तियां भी दी जाएंगी। किसी नेता की भाजपा में आधिकारिक ज्वॉइनिंग तब ही संभव हो सकेगी, जब इस कमेटी की मंजूरी मिल जाएगी। पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं में किसी भी तरह के असंतोष या नाराजगी जैसी स्थिति को नहीं होने देना चाहती है। पार्टी का मानना है कि दूसरे दलों खासकर कांग्रेस, सपा, बसपा, आरएलडी, जेडीयू सहित कई अन्य विपक्षी दलों के कई ऐसे प्रभावशाली नेता हैं, जो पार्टी में आने को इच्छुक है, लेकिन वे खुलकर इसको सामने नहीं आ रहे हैं। नई कमेटी ऐसे नेताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए संपर्क साधने और बातचीत करने की कोशिश करेगी।

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की नई गाइडलाइन**

# आईसीयू में भर्ती के लिए परिजनों की मर्जी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खास खबर

अस्पताल गंभीर रूप से बीमार रोगियों को उनके या उनके परिजनों के इंकार करने पर आईसीयू में नहीं भर्ती कर सकते। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईसीयू में भर्ती करने से जुड़े अपने ताजा दिशा-निर्देश में यह जानकारी दी है। 24 विशेषज्ञों की ओर से तैयार दिशा-निर्देश में सिफारिश की गई है कि यदि लाइलाज मरीज या बीमारी का इलाज संभव नहीं है या उपलब्ध नहीं है। माजूदा उपचार का कोई असर नहीं ▶▶शेष पेज 5 पर



### देश में आईसीयू बेड की किल्लत

भारत में तकरीबन एक लाख आईसीयू बेड्स हैं, जो ज्यादातर बड़े शहरों के प्राइवेट अस्पताल में है। जाने-माने वकील और पब्लिक हेल्थ एक्टिविस्ट अशोक अग्रवाल ने ▶▶शेष पेज 5 पर

### नई गाइडलाइन में क्या

- मरीज या मरीज के परिजनों की ओर आईसीयू में भर्ती से इनकार करना
- कोई बीमारी जिसके इलाज की सीमा है
- आईसीयू देखभाल के खिलाफ किसी व्यक्ति की ओर से पूर्व में दिए गए पेपर या निर्देश
- महामारी या आपदा की स्थिति में जब संसाधन (बिस्तर, उपकरण, कर्मचारी आदि) की कमी हो तब निरर्थकता और कम प्राथमिकता मानदंडों के तहत आने वाले लाइलाज रोगी शामिल हैं।

### आईसीयू का खर्च ज्यादा

आमतौर पर प्राइवेट अस्पताल में आईसीयू बेड का खर्च जनरल बेड से 5 से 10 गुणा ज्यादा होता है। कई बार मरीजों की तीमारदार इस बात की शिकायत करते हैं कि मरीज को बेवजह आईसीयू में रखा जाता है, ताकि मेडिकल बिल बढ़ाया जा सके। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि नई गाइडलाइंस के जरिए मरीजों का सही इलाज किया जा सकेगा। नए दिशानिर्देशों के मुताबिक पेशेंट को आईसीयू से तब डिस्चार्ज करना होगा जब उसकी कंडीशन नॉर्मल के करीब हो जाए या बेसलाइन स्टेटस हासिल कर कर ले।

### आरोपियों से दूसरी बार आमने-सामने पूछताछ

**संसद सुरक्षा चूक**

**नई दिल्ली।** संसद में 13 दिसंबर को हुई सुरक्षा चूक के मामले में गिरफ्तार छह आरोपियों से दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने दूसरी बार आमने-सामने पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम आजाद, अमोल शिंदे, ललित झा और महेश कुमावत पांच जनवरी तक पुलिस हिरासत में हैं। उन्होंने कहा कि घटना के वास्तविक मकसद के बारे में उनसे पूछताछ की गई है। पुलिस सूत्र के मुताबिक, नीलम और मनोरंजन को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित विशेष प्रकोष्ठ की 'काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट' के कार्यालय में, तथा अन्य चार को विशेष प्रकोष्ठ की विभिन्न इकाइयों में रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की हड़ताल आज

**रायपुर।** फाफाडीह चौक स्थित कार्यालय में मंगलवार को रायपुर आटो टैक्सी महासंघ के समस्त पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 3 जनवरी को सभी ऑटो चालक, ई-रिक्शा एंड टाटा मैजिक चालक अपने वाहन को बंद रखकर हिट एंड रन कानून के काले प्रावधान के विरुद्ध अपना विरोध प्रकट करेंगे। महासंघ के अध्यक्ष कमल पांडेय ने रायपुर ऑटो महासंघ के पदाधिकारियों ने सभी चालकों से सहयोग की अपील की है। बैठक में राजेश स्वामी, संदीप नापित, सुरेश तिवारी, मनहरण मानिकपुरी, सुनील मेश्राम, अभिषेक जगत, नौशाद खान आदि शामिल थे।

### बजट : सचिव स्तरीय चर्चा का कार्यक्रम बदला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के बजट 2024-25 के लिए सचिव स्तरीय चर्चा के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। कुछ विभागों की यह बैठक 8 और 9 जनवरी को होगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में संशोधित आदेश जारी किया है। बताया गया है कि 8 और 9 जनवरी को वाणिज्य एवं उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव, विशेष सचिव स्वतंत्र प्रभार इन बैठकों में शामिल होंगे।

### विजेता और उपविजेता टीम को मिली ट्रॉफी

**रायपुर।** श्री दशा सोरठिया वणिक समाज द्वारा डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्थित सेकरसा मैदान में चार दिवसीय आयोजित छत्तीसगढ़ गुजराती प्रीमियम लीग का समापन 31 दिसंबर को फायनल के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल तथा चंद्रकांत भाई बाबरिया ने पूरे मैच का आनंद उठाया। साथ ही विजेता, उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान दी।कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल को सामाजिक स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। समाज के अध्यक्ष नितिन ढोलकिया ने बताया कि इसमें कुल छत्तीसगढ़ के गुजराती समाज से 26 जातीय फिरकों की 16 टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें प्रथम सेमीफाइनल मच्छु कठिया सई सुतार सेवा समिति तथा कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज की टीमों के बीच हुआ, जिसमें मच्छु कठिया सई सुतार ने मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इसी तरह द्वितीय सेमीफाइनल में दुर्ग डायनामाइट का मुकाबला कृषि इलेवन के साथ हुआ, जिसमें कृषि इलेवन की टीम ने बहुत ही शानदार जीत दर्ज की। जिसमें सुमित खोडियार ने शानदार सौ रन बनाए, इस तरह से फायनल मैच डे-नाइट में श्री मच्छु कठिया सई सुतार सेवा समिति तथा कृषि इलेवन के बीच मैच बहुत ही रोमांचक रहा, जहां 12 ओवर में 72 रनों का पीछा करती हुई अंतिम गेंद तक पहुंची, जहां 1 बाल पर 5 रन की आवश्यकता होने पर अंतिम गेंद पर बल्लेबाज रोहन ने 6 रन लेकर टीम को विजय दिलाई और विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। पूरा स्टेडियम ढोल-नगाड़े और तालियों से गूंज उठा। विजेता टीम ने अपने बल्लेबाज को कंधों पर उठाकर पूरे स्टेडियम का चक्कर लगाया।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन प्रदेश में भी मनेगा बड़ा उत्सव

**रायपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन देश के हर राज्य में बड़ा उत्सव मनाने की तैयारी भाजपा ने की है। इसको लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में हर राज्य की टोलियों की बैठक लेकर उनको दिशा निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ की टोली का नेतृत्व विधायक धरमलाल कौशिक ने किया। छत्तीसगढ़ में भी उस दिन बड़ा उत्सव होगा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक दिल्ली में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय बैठक में शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं संगठन महामंत्री बीएल संतोष द्वारा देशभर से आए वरिष्ठ विधायकों के बीच श्री कौशिक को विधानसभा बिल्हा में प्रचंड मतों से जीत हासिल कर विधायक निर्वाचित होने एवं छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने के लिए सम्मानित किया गया।

# लक्ष्य से ज्यादा छलकेगा छत्तीसगढ़ में शराब बिक्री का पैमाना

## 6500 करोड़ के मुकाबले दिसंबर तक 6075 करोड़ का राजस्व मिला, ठंड में बढ़ जाती है बिक्री

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में पीने और पिलाने वालों की कोई कमी नहीं है और यह तातद में लगातार बढ़ती जा रही है। राज्य में हर साल शराब से मिलने वाला राजस्व लक्ष्य सरकार तय करती है। यह लक्ष्य पूरा भी होता है, लेकिन इस साल जनवरी में ही शराब बिक्री का राजस्व लक्ष्य से अधिक हो जाएगा। इसका अंदाजा आबकारी विभाग को देशी-विदेशी शराब की बिक्री से मिलने वाली राशि से लगाया जा सकता है।

यदि चालू वित्तीय वर्ष की बात करें, तो महज नौ माह के भीतर 6075 करोड़ से अधिक की शराब की बिक्री हो चुकी है। राज्य सरकार ने इस साल शराब बिक्री का लक्ष्य 6500 करोड़ रुपए का रखा था।



अधिकारी बताते हैं कि जिस तरह से हर माह बिक्री हो रही है, जनवरी में ही यह लक्ष्य पार हो जाएगा।

छत्तीसगढ़ में समय-समय पर शराबबंदी की मांग उठती रही है। राजनीतिक दलों के साथ सामाजिक संगठन भी इसे लेकर मुखर होते रहे हैं, इसके विपरीत शराब के शौकीन लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हर माह शराब बिक्री से लगभग 550 से 600 करोड़ रुपए प्रदेश से मिलता है। इस आधार पर विभाग का लक्ष्य 6500 करोड़ रुपए तय किया गया था। बताया जाता है कि विभाग द्वारा विभिन्न कंपनियों की शराब की सप्लाई कर प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से इसकी बिक्री की जाती है। प्रदेश में हर माह होने वाले उठाव और बिक्री कई जिलों में काफी अधिक रही। बस्तर, कोरबा, सहित अन्य जिलों में टारगेट नवंबर माह में ही पूरा हो चुका है। छत्तीसगढ़ में त्योहारों और अन्य मौकों पर इसकी बिक्री अधिक होती है।

छत्तीसगढ़ में हर माह औसतन 550 रुपए की शराब बिक्री होती है। सामान्य तौर में सभी जिलों से मिलने वाला राजस्व इसी के आसपास होता है। ठंड के महीनों में शराब की बिक्री लगभग 200 करोड़ से अधिक हो जाती है। चालू वित्तीय वर्ष में नवंबर में 737 और दिसंबर में 787 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई है। अभी जनवरी और होली त्योहार पर भी इसकी खपत और बढ़ने की संभावना है। अधिकारियों को कहना है कि पिछले कुछ सालों से शराब की बिक्री में लगातार इजाफा होने से शतप्रतियात लक्ष्य की प्राप्ति हो चुकी है। सरकार के लिए आबकारी विभाग राजस्व आय का प्रमुख स्त्रोत है। यह विभाग ही प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से शराब की बिक्री करता है। इसके अलावा कई व्यवसाय हैं, जिसके लिए विभाग से अनुमति जरूरी है। इसके लिए विभाग में भारी भरकम राशि बतौर शुल्क जमा की जाती है। शराब बिक्री सहित विभिन्न स्त्रोतों से मिलने वाले राजस्व में भी इजाफा हुआ है। आबकारी आयुक्त महादेव कांवरे ने बताया कि शराब बिक्री में होने वाली गड़बड़ी रोकने का प्रयास विभाग की ओर से किया जाता है। प्रदेश में मिलावट और अन्य मामलों में कार्रवाई की जा रही है। सरकार को मिलने वाले राजस्व में लगातार वृद्धि हुई है। जनवरी में ही यह टारगेट पूरा होने की संभावना है।

## सीमित संसाधन की वजह से हो रही दिक्कतें, तय करनी पड़ रही प्राथमिकता

# एकमात्र मशीन पर ज्यादा बोझ, एमसीएच के मरीजों को सोनोग्राफी के लिए पंद्रह दिन तक वेटिंग

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

## निजी अस्पतालों में सात सौ, क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता



कालीबाड़ी में संचालित मातृ शिशु चिकित्सालय में इलाज के लिए आने वाली महिलाओं को सोनोग्राफी जांच के लिए पंद्रह दिन तक इंतजार करना पड़ता है। इसकी प्रमुख वजह यहां जांच के लिए एकमात्र मशीन का होना है, जिससे जांच के लिए मरीजों की हालत के आधार पर प्राथमिकता तय करनी पड़ती है।

जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में स्त्री रोग के साथ प्रसव की सुविधा प्रदान की जाती है। यहां जांच के दौरान महिलाओं को चिकित्सकों की सलाह पर सोनोग्राफी कराने के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ता है। आपातकाल में यहां गंभीर स्थिति वाली महिलाओं को इसकी सुविधा तत्काल मिल जाती है, मगर दूसरी तरह की बीमारी का पता लगाने जांच के लिए पंद्रह दिन तक प्रतीक्षा करना अथवा निजी संस्थानों में जाकर जांच कराना मजबूरी हो जाती है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक इसकी एकमात्र वजह अस्पताल में सोनोग्राफी की केवल एक मशीन होना है। केवल एक मशीन की मदद से रोजाना पंद्रह से बीस सोनोग्राफी की जाती है, मगर जांच कराने वाले मरीजों की संख्या अधिक होने की वजह से उन्हें दूसरे दिन की तारीख देनी ही पड़ती है। इमरजेंसी को छोड़कर अन्य तरह की समस्या लेकर सोनोग्राफी के लिए आने वाले मरीजों को पंद्रह दिन तक इंतजार करना पड़ना है। सूत्रों के मुताबिक मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में इलाज के दौरान महिलाओं को सोनोग्राफी की सुविधा निःशुल्क मिल जाती है, मगर निजी संस्थानों में इसके लिए सात सौ से एक हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है। मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में सीमित संसाधन और अधिक भीड़ की वजह से मरीजों को निजी संस्थानों तक जाना मजबूरी हो जाती है। प्रसव के मामले में कालीबाड़ी का मातृ शिशु चिकित्सालय दूसरे नंबर पर है। सबसे ज्यादा प्रसव आंबेडकर अस्पताल में कराए जाते हैं। जिला अस्पताल के इस संस्थान में जिले के अन्य प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से भी प्रसव के मामले रेफर किया जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए वहां सुविधा बढ़ाने की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकताआवश्यकता महसूस की जा रही है।

# कार्यकर्ताओं के सम्मान से होगा लोकसभा की तैयारी का आगाज

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

## रायपुर संभाग में पहला सम्मेलन 5 जनवरी को

प्रदेश भाजपा संगठन ने अब लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ को जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। 5 जनवरी को रायपुर संभाग में कार्यकर्ताओं का सम्मान करने के लिए सम्मेलन होगा। इसके बाद लगातार हर संभाग में कार्यकर्ता सम्मेलन होंगे। किसान मोर्चा को पांच हजार गांवों में एक ही दिन में जाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए कार्यसमिति की बैठक में फैसला होगा। भाजयुमो नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए कार्यक्रम करेगा।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी जीत के बाद अब भाजपा का प्रदेश संगठन अपने कार्यकर्ताओं का पहले कदम पर सम्मान करके उनको लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने के लिए कहेगा। प्रदेश संगठन ने इसको लेकर रणनीति तैयार कर ली है। सबसे पहले रायपुर संभाग का कार्यकर्ता सम्मेलन 5 जनवरी को किया जा रहा है। इसमें शक्ति केंद्रों, मंडलों के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। 6 जनवरी को दुर्ग संभाग का सम्मेलन होगा। इसके बाद बाकी संभागों के सम्मेलन होंगे।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए संगठन के साथ ही अपने सभी मोर्चा की जिम्मेदारी तय कर दी है। यूं तो सभी मोर्चा महत्वपूर्ण हैं, लेकिन तीन अहम मोर्चा भाजयुमो, किसान और महिला मोर्चा हैं। इनके कंधों पर ही ज्यादा भार रहता है। ऐसे में किसान मोर्चा के लिए तय किया गया है कि इस मोर्चा के एक साथ पांच हजार नेता एक ही दिन पांच हजार गांवों में जाएंगे और वहां पर रात को रहने के साथ ही गांवों के किसानों को इस बात की जानकारी दी जाएगी कि प्रदेश में वापस आई भाजपा सरकार के साथ केंद्र की मोदी सरकार किसानों के लिए क्या-क्या काम कर रही है। गरीबों को दिए जाने वाले 18 लाख आवासों के बारे में गांवों में बताया जाएगा। किसान मोर्चा किस दिन गांवों में जाएगा, इसकी तिथि किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति में तय होगी। मोर्चा के अध्यक्ष पवन साहू का कहना है कि दस जनवरी से पहले कार्यसमिति की तैयारी है।

# दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं में एक भी दाखिले नहीं, बगैर शिक्षक पढ़ाई शुरू!

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

## शिक्षकों के रिक्त 71 पदों के लिए मांगे गए थे आवेदन, अब तक नियुक्ति नहीं

जिले में प्रारंभ किए गए पांच नए स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में एक भी दाखिले नहीं हुए हैं। दरअसल ये नवीन आत्मानंद विद्यालय शैक्षणिक सत्र के बीच में खोले गए थे। पहली से आठवीं तक तो इन कक्षाओं में प्रवेश हुए हैं, लेकिन बड़ी कक्षाओं में प्रवेश लेने में किसी भी स्कूल में छात्रों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है। नतीजन इन स्कूलों में बड़ी कक्षाओं की सीटें खाली ही रह गई हैं।

गौरतलब है कि इन स्कूलों के लिए आवेदन अक्टूबर में मंगाए गए थे। छात्रों से आवेदन प्राप्त होने के बाद भी आचार संहिता के कारण उन्हें दाखिला नहीं दिया गया। दिसंबर में छात्रों को प्रवेश दिया जा सका। जिन छात्रों ने शुरुआती चरणों में आवेदन किया था, उनमें से भी कई ने प्रवेश में विलंब होने के कारण उन स्कूलों को नहीं छोड़ा, जहां उन्होंने जुलाई में प्रवेश ले लिया था। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी की जा चुकी हैं। मार्च के प्रथम सप्ताह से ये परीक्षाएं होंगी। माशिम बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी सत्र प्रारंभ होते ही शुरू कर देता है। दसवीं-बारहवीं के छात्र जिन स्कूलों में अध्ययनरत हैं, वहां से उनका इनरोलमेंट शुरुआती माह में ही हो जाता है। जिस स्कूल में छात्र अध्ययनतर हैं, वहां से वे बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने के लिए आवेदन कर चुके हैं। इस कारण भी बोर्ड कक्षाओं में दाखिले नहीं हुए हैं। जिले के पांच नवीन स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में रिक्त 71 पदों के लिए आवेदन जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा मांगे गए थे। समय की कमी के कारण लिखित परीक्षा के स्थान पर मेरिट और साक्षात्कार के जरिए चयन का फैसला किया गया था। शिक्षकों की नियुक्ति अब तक यहां नहीं हो सकी है। पुराने स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान जो नाम वेटिंग लिस्ट में थे, उस सूची के जरिए आधे पदों पर भर्ती की गई है। आधे पदों पर नियुक्ति शेष है।

**ऐसी है प्रवेशित छात्रों की संख्या- - माधव राव स्प्रे बूढ़ापारा स्कूल** : पहली-37, दूसरी-36, तीसरी-36, चौथी-35, पांचवीं-35, छठवीं-37, सातवीं-40 व आठवीं-40, नवमी- शून्य। - **शशिबाला आत्मानंद स्कूल, गुढ़ियारी** : पहली-18, दूसरी-25, तीसरी-20, चौथी- 18, पांचवीं-20, छठवीं-24, सातवीं- 23, आठवीं- 16, नवमी- शून्य। **-काशीराम शर्मा विद्यालय, भनपुरी** : पहली-42, दूसरी-33, तीसरी-31, चौथी- 32, पांचवीं- 28, छठवीं-33, सातवीं- 27, आठवीं- 25, नवमी-शून्य।

# अंतर्राज्यीय बसस्टैंड के गार्डन में चलता था करोड़ों का ऑनलाइन सट्टा, पुलिस दबिश में दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित अंतर्राज्यीय बसस्टैंड गुंडागर्दी-नशाखोरी एवं असामाजिक तत्वों के जमावड़े के कारण हमेशा सुर्खियों में रहा है। पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कई बार कार्रवाई करते हुए गुंडे-बदमाशों को गिरफ्तार भी किया है, लेकिन नियमित रूप से पुलिस गश्त नहीं होने से अपराधियों के हौसले कम होने के बजाए और बढ़ने लगे हैं। गुंडागर्दी-नशाखोरी के साथ अब यहां खुलेआम सट्टा का संचालन भी होने लगा है। ऐसे ही दो आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को बसस्टैंड के गार्डन से गिरफ्तार किया है। दोनों खुलेआम गार्डन में सट्टा का संचालन कर रहे थे। उनके कब्जे से लैपटॉप, मोबाइल, रजिस्टर, बैंक पासबुक, चेकबुक के साथ नकदी रकम भी बरामद की गई है। टिकरापारा थाना पुलिस को मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि भाठागांव स्थित बसस्टैंड के गार्डन में दो लोग ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर रहे हैं। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 3 लैपटॉप, 3 मोबाइल, 4 रजिस्टर कॉपी, 4 बैंक पासबुक, 4 बैंक चेकबुक, 2 डॉट पेन एवं नकद 4 हजार रुपए बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान साहिद रजा खान (24) एवं मोहम्मद गुलरेज (23) के रूप में की गई। दोनों सुपेला भिलाई क्षेत्र के कृष्णा और फरीद नगर के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से बरामद किए गए रजिस्टर में करोड़ों रुपए के लेनदेन का हिसाब लिखा हुआ है, जिससे पुलिस को संदेह है कि आरोपी पिछले कई वर्षों से अवैध सट्टे के कारोबार से जुड़े हुए हैं। पुलिस को यह भी संदेह है कि आरोपियों के तार दूसरे कई राज्यों से जुड़े हुए हैं। बहरहाल पुलिस इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 4 (क), 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी सट्टा संचालन में रेडी बुक डॉट ब्लू आईडी का उपयोग कर रहे थे।

# चौबीस घंटे ब्लड टेस्ट, डीकेएस की तरह अन्य अस्पतालों में भी लागू होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

चार्ज लेने के बाद एक्शन पर आए हेल्थ मिनिस्टर श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को डीके अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यहां ब्लड सहित चौबीस घंटे मिलने वाली सीटी स्कैन जांच सुविधा से प्रभावित होकर सिस्टम अन्य सरकारी अस्पतालों में लागू करने की बात उन्होंने कही। अस्पताल की सफाई, रेडियोलॉजी जांच सिस्टम तथा आयुष्मान योजना में ज्यादा उपचार से वे काफी प्रभावित हुए।

स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार सुबह अचानक डीके अस्पताल पहुंचे। उस दौरान ओपीडी में मरीजों की जांच और इलाज चल रहा था। उन्होंने विभिन्न वार्डों का दौरा किया इस दौरान एक महिला मरीज ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत उनके कार्ड के इलाज की राशि समाप्त हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने राशि बढ़वाने के लिए अस्पताल प्रबंधन से प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अस्पताल के चिकित्सकों को जरूरत के हिसाब से आधुनिक सुविधा जुगाड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में सुधार करना है। स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों में जो कमियां हैं, उसे किस तरह सुधारा जा सकता है, इस बारे में निरीक्षण और विशेषज्ञों से चर्चा के माध्यम से वे फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीके अस्पताल में आवश्यकता के हिसाब से अन्य सुपरस्पेशलिटी सुविधाएं जुटाई जाएंगी, ताकि मरीजों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों की ओर जाने की आवश्यकता ना हो।

राज्य के इस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में अभी तक किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू नहीं हो पाई है। इसके लिए पिछली सरकार द्वारा कई बार जरूरी उपकरणों का प्रस्ताव तो तैयार करवाया, मगर इसकी व्यवस्था के लिए राशि स्वीकृत नहीं की। राज्य के निजी अस्पतालों और एम्स में यह सुविधा मिल रही है, मगर डीके अस्पताल इससे पिछड़ा हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे संबंधित उपकरणों के बारे में भी जानकारी ली।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल - जूना बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्र./क/ सीमांकन/रा.नि./2023
जूना बिलासपुर, दिनांक 15/12/2023

प्रति,
> शरद कश्यप/अयोध्या प्रसाद कश्यप (आवेदक) > रीता सलूजा > जागेश्वर प्रसाद देवांगन > राजेंद्र प्रसाद > विजय चौधरी > अवि सलूजा > सुरेश कुमार जीवनानी > सुनील कुमार रामनानी > सर्वसम्बन्धित हितबद्ध पक्षकार

विषय: सीमांकन के समय उपस्थित रहने बाबत् ।

संदर्भः न्यायालय तहसीलदार / नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र./क/तह / वा./23 दिनांक 08/12/2023

ग्राम- जूना बिलासपुर, प.ह.नं.- 36, रा.नि.म. जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा न. 241/1, 241 / 3 रकबा 0.048, 0.012 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु शरद कश्यप ( ) पिता/पति अयोध्या प्रसाद कश्यप जाति, निवासी करबला रोड बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 04/01/2024 को समय 10:00am से 5:00pm को किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी ।

टीप - आवेदक को आदेशित किया जाता है कि सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदुर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

**(अशोक कुमार सोनी)**
**राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक- मुंगेली (श.) तहसील व जिला- मुंगेली (छ.ग.)**
**//सूचना//**

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के ज्ञापन क्र. Q दिनांक 21/12/23 के अनुसार आवेदक अनिल गुप्ता पिता/पति विष्णु प्रसाद निवासी मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली-2 प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. मुंगेली (श.) तहसील मुंगेली स्थित अपनी भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1100/64 रकबा 0.021 हेक्ट. का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार मुंगेली के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालय तहसीलदार के आदेशानुसार उक्त आवेकदित खसरा का सीमांकन मौके पर दिनांक 03/01/2024 को 11.00 बजे किया जायेगा।

अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहें। सूचना उपरांत मौके पर अनुपस्थित रहने पर नियत तिथि को आवेदक की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। सीमांकन के निर्धारित तिथि के पूर्व हितबद्ध पक्षकार अपना दावा/आपत्ति सक्षम न्यायालय में दर्ज करा सकता है।

प्रति,
1. श्रीमती ममता सोनी
2. श्री द्वारिका प्रसाद
एवं समस्त अन्य हितबद्ध पक्षकार।

**राजस्व निरीक्षक**
**मुंगेली (श)**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2023,
बिलासपुर, दिनांक 29.12.2023

श्री विजय कुमार सोनी आत्मज श्री त्रिलोकी नाथ सोनी उम्र 33 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 44 जबडापारा सेंट जेवियर स्कूल के पास थाना सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी रूपाली यादव आत्मजा श्री सहेत्तरू यादव उम्र 28 वर्ष निवासी होलीक्रास स्कूल के पास मंगला रोड बिलासपुर थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 05.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



विजय कुमार सोनी



कु. रूपाली यादव

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क. /ब-121/2022-23
ग्राम पंचायत लगरा,
तहसील व जिला बिलासपुर

सर्व साधारण ग्राम पंचायत लगरा, तहसील व जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक वैभव एसोसिएट्स द्वारा राकेश दुआ पिता प्राणनाथ दुआ, निवासी नेहरू नगर बिलासपुर, एवं अनमोल जुनेजा पिता अनिल जुनेजा निवासी राजेन्द्र नगर, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर ने पंचायत राज अधिनियम के तहत बने कालोनाईजर के रजिस्ट्रेशन नियम के तहत ग्राम लगरा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भूमि खसरा 678 रकबा 0.308 हे., ख.नं. 681/1 रकबा 0.1260 हे., ख.नं. 682/1 रकबा 0.1780 हे., ख.नं. 682 /2 रकबा 0. 0650 हे., ख.न. 682 /5 रकबा 0.0930 हे., खसरा नंबर 689/2 रकबा 0.1210 हे., खसरा नंबर 689/5 रकबा 0.0610 हे. , खसरा नंबर 690 रकबा 0.1460 हे., खसरा नंबर 494/1 रकबा 0. 1460 हे. , खसरा नंबर 494 /5 रकबा 0.1540 हे. , खसरा नंबर 682/3 रकबा 0.1380 हे., 682 /4 रकबा 0.2910 हे. , खसरा नंबर 686 रकबा 0.1170 हे. , खसरा नंबर 687/1 रकबा 0. 0810 हे. , खसरा नंबर 689/ 1 रकबा 0.0810 हे., खसरा नंबर 689/4 रकबा 0.0610 हे., खसरा नंबर 689/6 रकबा 0.0610 हे., खसरा नंबर 691/1 रकबा 0.0850 हे., कुल खसरा नंबर 19 कुल रकबा 2.39 हेक्टेयर / 5.90 एकड़ भूमि पर कालोनाईजर के रूप में रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन पत्र दिया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो वह अपना आपत्ति / दावा दिनांक 07/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।


**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

लोक साहित्य

डा. रजनी पाठक

# छत्तीसगढ़ी का शिष्ट साहित्य



शिष्ट साहित्य और लोक साहित्य में अंतर है। शिष्ट साहित्य लिखित होता है और लोक साहित्य मौखिक होता है। छत्तीसगढ़ी साहित्य का संबंध लिखित परंपरा से है। शिष्ट साहित्य वर्षो पुराना है। इसका विकास भारतेंदु युग में हुआ है। छत्तीसगढ़ी साहित्य हिन्दी के आधुनिक युग के समानांतर प्रवाहित रहा है, उसे आधुनिक निर्दिष्ट कर लोक साहित्य के इति वृतात्मक या प्राचीन रूप से उसका प्राथक्य सिद्ध किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ी शिष्ट साहित्य जटिल होते हैं, क्योंकि इनके लिखित साहित्य से लोक, कोसों दूर रहते हैं और इनसे लोगों की तारतम्यता नहीं हो पाती। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य सरल और मौखिक होने के कारण अगली पीढ़ी में सरलता से हस्तांतरित हो जाते हैं। छत्तीसगढ़ी भी एक विभाषा है क्योंकि इनमें भी अनेक बोलियों का संगम है। आजादी के बाद शिष्ट साहित्य में काफी हद तक पाठकों के समक्ष स्थान बनाने में सफल होता जा रहा है। वर्तमान समय में शिष्ट साहित्य की उपयोगिता भी अधिक महसूस की जा रही है।

पुस्तक समीक्षा

## लोक मानस की महानदी झेंझरी




**कृति के नाव**
लोक मानस की महानदी झेंझरी

**कृतिकार**
डा. पीसी लाल यादव

**प्रकाशक**
स्मृति प्रिंट हाऊस भिलाई

**समीक्षक**
ओमप्रकाश 'अंकुर'

**मूल्य**
छै सौ पंचानबे रुपए

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपरा को जीने वाले कृतिकार ने आंचलिक संस्कृति पर खूब लिखा है और लिख रहे हैं। आप शिक्षा जगत से सेवानिवृत्त होने के बाद अपने समय का भरपूर साहित्य लेखन में कर रहे हैं। आप छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनझुए पहलुओं को लगातार अपनी लेखनी के माध्यम से जन समक्ष लाने का प्रयास करते रहे हैं। 'लोक मानस की महानदी झंझरी' भी इसी कड़ी का ही भाग है जिसमें दस खंडों में आंचलिक लोक शिल्प, लोकनाट्य परंपरा, लोक मानस में राम कथा और लोक संगीत जैसे विषयों को चित्रित किए हैं। पाठकों और शोधकर्ताओं के लिए यह पुस्तक बहुत ही उपयोगी और पठनीय है।



ऐतिहासिक तथ्य के अधार म पता चलथे कि बस्तर रियासत म मराठा शासक मन के अधिकार (1777-1853) तक रिहिस हे। वो मन बस्तर के शासक मन ले टेक्स वसूली करत रिहिन हे। इही बीच कुछ मराठा सैनिक मन मराठी संग अल्वी बोली के जानकार रिहिन हे। वइसे पूरा बस्तर अंचल म देखे जाए त कोंडागांव जिले बीच भाग में बोले जाने वाला हल्बी ल मानक 'हल्बी' बोली माने जाथे।

# कोंडागांव अंचल म जादा प्रभावी हे हल्बी बोली

वइसे हल्बी लोक भाषा ल हल्बा जनजाति के भाषा केहे गेहे, फेर येहा संभवतः सहज-सरल होय के सेती बस्तर अंचल के कतको अउ जनजाति मन बोले ल धर लेहें। हल्बी भाषा के उत्पत्ति कब ले होय हे येकर कोनो निश्चित प्रमाण नी मिल पाय हे। कुछ लोगन मन के मानना हे कि येहा लोक भाषा वारंगल ले राजा अन्नमदेव के संग आए हे, कुछ लोगन के मानना हे कि येहा महाराष्ट्र ले त कुछ लोगन मन ओड़िसा ले आय हे अइसे मानथें। महारष्ट्र के एक भू-भाग में विशेष रूप से बोले जाने वाला भाषा 'अल्वी' ल नागपुर के आसपास के माने जाथे। ऐ मेर ए देखे ल मिलिस कि हमन 'अल्वी' बोली ल समझत रेहेन त वोमन हमर हल्बी बोली ल समझत रिहिन। येकर ले समझ अइस कि दोनों बोली म काफी समानता हे। फेर महाराष्ट्र म हल्बा समाज के हल्बी बोली ल मान्यता नइ मिले हे, अउ ऐ बोली के बोलने वाला मन बुनकर पेशा ले जुड़े हवय।



लोक साहित्य : हरिहर वैष्णव

### कोंडागांव क्षेत्र के मानक बोली

ऐतिहासिक तथ्य के अधार म पता चलथे कि बस्तर रियासत म मराठा शासक मन के अधिकार (1777-1853) तक रिहिस हे। वो मन बस्तर के शासक मन ले टेक्स वसूली करत रिहिन हे। इही बीच कुछ मराठा सैनिक मन मराठी संग अल्वी बोली के जानकार रिहिन हे। वइसे पूरा बस्तर अंचल म देखे जाए त कोंडागांव जिले बीच भाग में बोले जाने वाला हल्बी ल मानक 'हल्बी' बोली माने जाथे। येकर ले भी अनुमान लगाय जा सकत हे कि ये बोली ह महाराष्ट्र ले आय होही। जेन भी कारण होवय पेर हल्बी बोली अउ भाषा के बस्तर अंचल म काफी प्रभाव हावे।

# धमधागढ़ के महामाया मंदिर में विराजित दुर्लभ तीन देवियां



ऐतिहासिक : डा. नीलकंठ देवांगन

छः आगर छः कोरी तालाब के लिए सुविख्यात छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला के धमधागढ़ में देश का एक ऐसा अनोखा मंदिर है जहां तीन देवियां महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती की बेजोड़ मूर्तियां एक साथ प्रतिष्ठित हैं। जम्मू कश्मीर के वैष्णोदेवी में यह तीन देवियां पिंड रूप में हैं लेकिन यहां साकार रूप में हैं जिनके एक साथ दर्शन से शक्ति संपदा और ज्ञान का आशीर्वाद मिल जाता है। इसकी स्थापना राजवंश के दसवें राजा दसवंतसिंह ने की थी जो संवत 1685 में गद्दी पर आसीन हुए थे। राजा के मां को महाकाली ने स्वप्न में निर्दिष्ट किया कि किला परिसर के सिंह द्वार पर मेरी मूर्ति भूमिगत है, किले से 5 मील दूर शिवनाथ नदी के तट पर रेत में महालक्ष्मी की, एक इमली पेड़ के खोह में महासरस्वती की मूर्ति है, इन सबको प्रतिष्ठित कराओ। महाकाली की मूर्ति खुदाई करने पर नहीं निकल सकी, नाभि के नीचे का अंत नहीं मिल सका। तब राजा ने मंदिर का निर्माण कर यहीं एक ही गर्भगृह में तीनों मूर्तियों को एक साथ प्रतिष्ठित कराया।

# अंग्रेजों के शासन काल से मुक्कड़दम और पटेल



परंपरा

डा. प्रकाश पतंगीवार

अंग्रेजों के समय में प्रशासन व्यवस्था के तहत मालगुजार ही लगान वसूल करते थे। जमींदारी जिसकी, वही मालगुजार। मराठों के समय छत्तीसगढ़ का राजस्व 5 लाख रुपए था। अंग्रेजों ने नया पद बनाया 'ग्राम पटेल'। ब्रिटिश सरकार ने भू राजस्व संहिता धारा 244 के तहत उन्हें संलग्न किया। उन्हें मुक्कड़दम कहा जाता था। अंग्रेज भी इन्हें मुक्कड़दम कहते थे। यही गौटिया या सियान कहलाए। पहले विनिमय मे कौड़ियां चलती थी। नमक और गुड़ का आदान प्रदान होता था। अंग्रेजी हुकूमत के समय सिक्कों का प्रचलन हुआ। गुरुर क्षेत्र में वर्मा, देशमुख, कृदत और पवार मालगुजार थे। इन पर गांव और लगान का भार था। उस समय दुर्ग जिला नहीं बना था। तब गुरुर, धमतरी, कांकेर और रायपुर एक साथ थे। अंग्रेजों के दस्तावेज के अनुसार ग्राम खुंदनी के पीलू सिंह वल्द विश्वनाथ सिंह को लगान वसूलने की जिम्मेदारी दी गई थी। उल्लेखनीय है कि पीलू और उनके वंशज ने देश के आजाद होते तक अंग्रेज सरकार को लगान वसूल कर दिया करते थे। उनके वंशज आज भी इस क्षेत्र में निवासरत हैं। यह परंपरा आज भी चली आ रही है।

# अनेक महत्व को संजोए चंदखुरी का फूटहा मंदिर



पुरातात्विक

केवल कृष्ण

आठवीं से दसवीं शताब्दी के दौर में छत्तीसगढ़ का परिदृश्य देंखे, तो यह कालखंड विभिन्न राजवंशों के बीच काफी उठापटक का काल खंड रहा। बस्तर और कोरापुट में शक्तिशाली नल वंश का दबदबा था। उत्तर की ओर से कल्चुरी फौज फटाखे के साथ चले आ रहे थे। पश्चिम में ओडिशा का सोमवंश छत्तीसगढ़ में अपना दबदबा कायम करने के लिए संघर्ष कर रहा था। राजा महाराजा मंदिर बनवा रहे थे भविष्य की मनौतियां मांग रहे थे। चंदखुरी का फूटहा मंदिर उसी दौर का है। यह छः मासी मंदिर बन नहीं पाया, अधूरा रह गया। चंदखुरी को ही माता कौशल्या का जन्म स्थान होने के भौतिक प्रमाणों की तलाश में हम आठवीं शताब्दी के इस मंदिर को देखते हैं। भयंकर गहमा गहमी और ऐतिहासिक उथल पुथल के बीच फूटहा मंदिर बना था। मंदिर में जड़े पत्थर यदि बोल सकते तो आठवीं से दसवीं शताब्दी के बीच का पूरा किस्सा कह सुनाते, लेकिन अफसोस कि वे मौन हैं।

# जाने माने संगीतज्ञ थेः प्रो. कल्याण दास

सुरता

बसन्त राघव

प्रो. कल्याण दास का जन्म जांजगीर जिला के नवापारा गांव में 10 अक्टूबर सन 1921 को हुआ था। इनके पिता कुशल दास महन्त स्वयं संगीतज्ञ थे। कल्याण दास जी ने समय पर कोविद की परीक्षा पास कर ली, अस्तु 1964 में उन्हें इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में प्रोफेसरी मिल गई। सेवानिवृत्ति के बाद वे रायगढ़ लौट आए। कल्याण दास जी को भी मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग ने 'शिखर सम्मान' से विभूषित किया था। वे बहुत दिनों तक कला परिषद भोपाल के सदस्य भी रहे। वे इसराज, सारंगी आदि बजाने में प्रवीण थे। करमा और गम्मत (नाचा) के लिए भी वे प्रसिद्ध थे तथा कल्याण दास जी अक्सर सारंगढ़ महल में ही रहते थे।

जांजगीर जिला के नवापारा गांव जो चन्द्रपुर के पास है, 10 अक्टूबर सन 1921 को प्रो. कल्याण दास का जन्म हुआ था। इनके पिता कुशल दास महन्त स्वयं संगीतज्ञ थे। कल्याण दास जी ने समय पर कोविद की परीक्षा पास कर ली, अस्तु 1964 में उन्हें इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में प्रोफेसरी मिल गई। सेवानिवृत्ति के बाद वे रायगढ़ लौट आए। कल्याण दास जी को भी मध्यप्रदेश के संस्कृति विभाग ने 'शिखर सम्मान' से विभूषित किया था। वे बहुत दिनों तक कला परिषद भोपाल के सदस्य भी रहे। वे इसराज, सारंगी आदि बजाने में प्रवीण थे। करमा और गम्मत (नाचा) के लिए भी वे प्रसिद्ध थे तथा कल्याण दास जी अक्सर सारंगढ़ महल में ही रहते थे। हिज हाइनेस जवाहर सिंह की इकलौती पुत्री बसंत माला घुड़सवारी और नाटकों का शौक रखती थीं। स्वयं कृष्ण और राधा की भूमिका अदा करती थी। संयोग से एक बार राजा चक्रधर सिंह ने सारंगढ़ दरबार में साजो श्रृंगार के साथ बालक कल्याण दास को नाचते हुए देख लिया। वे उनके पद चालन एवं सुरीली आवाज से बड़े प्रभावित हुए और अपने



श्वसुर से बालक कल्याण दास को मांग ही लिया, और शिष्य बना लिया। कल्याण दास जी को कथक नृत्य की शिक्षा पंडित जयलाल महाराज, अच्छन महाराज (भाव) लच्छू महाराज (अभिनय), शंभू महाराज (तीन ताल एवं खूबसूरती), नारायण प्रसाद ( एकताल), आदि गुरुओं से मिली। इसी प्रकार उन्होंने हाजी मोहम्मद से गायन, ख्याल, टप्पा, ठुमरी, गजल, कव्वाली की शिक्षा ली। नत्थू खां जैसे उस्ताद से उन्होंने तबले की उच्च शिक्षा ली। बाद में मुनीर खां, कादर बख्श और अहमद जान से भी तबले के कठिन कायदे सीखे। नृत्य सम्राट कल्याण दास को पहली बार 1936 में इलाहाबाद म्यूजिक कान्फ्रेंस में उतारा गया। इसके बाद मेरठ, बरेली 1934, रायगढ़ 1942, दिल्ली 1944, खैरागढ़ आदि के अखिल भारतीय संगीत सम्मेलनों में उन्होंने भाग लिया, पुरस्कृत हुए और कथक की। अंतिम दिनों में उन्होंने ह्लभाव नृत्वह्न नाम का एक सुंदर ग्रंथ लिखा, जिसका प्रकाशन उनके देहपतन के बाद भी नहीं हो सका। प्रो. कल्याण दास जी ने उड़िया फिल्मों में भी नृत्य निर्देशन भी किया था। यों तो उन्होंने दर्जनों शिष्य तैयार किए हैं, लेकिन भगवान दास माणिक उनके प्रिय शिष्यों में से हैं। वे नृत्य संगीत में पी. एच. डी. की उपाधि से अलंकृत हैं और मध्य प्रदेश के शासकीय महाविद्यालय में संगीत विषय के प्रोफेसर हैं। कल्याण दास जी के अन्य प्रमुख शिष्यों में सीताराम झा, राजकुमुद ढोलिया, कृष्ण कुमार सिन्हा, ज्योति बख्शी, नीता चौहान, वंदना, मोहिनी माणिक प्रमुख हैं।

## खबर संक्षेप

### बोलेरो की टक्कर बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** घर लौट रहे बाइक सवार युवक को बनारस मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम लटोरी निवासी परमानंद रजवाड़े आ. पूरनचंद राजवाड़े (22 वर्ष) बीती रात लगभग 10.30 बजे ढाबा की ओर से अकेले बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही युवक बनारस मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### कार पलटने से युवक की मौत, भाई की हालत गंभीर

**अम्बिकापुर।** शंकरगढ़ डीपाडीहकला के समीप कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने कार चला रहे भाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार भाई घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम देवसराकला निवासी सुनिल भगत आ. लवंग साय आज सुबह लगभग 11 बजे भाई सतेन्द्र के साथ किसी काम के सिलसिले में डीपाडिहकला जाने के लिए कार क्रमांक सीजी 12 डी 6950 से निकले थे। जैसे ही कार सवार अम्बिकापुर-कुसमी मार्ग पर पहुंचे तभी कार चला रहे सतेन्द्र ने वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में सतेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सुनिल भगत घायल हो गया। घायल का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है।

### कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर से परिवार के लिए चावल लेकर आ रहे बाइक सवार को मेण्ड्राकला मुख्य मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम भुइयापारा निवासी अर्जुन खडिया आ. बराहित खड़िया (40 वर्ष) परिवार के साथ जोगीबांध ईट भट्टा में काम करने आया था।

# किसानों के धान में डंडी, वजन में डेढ़ किलो तक ज्यादा लिया जा रहा

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को एक ओर जहां अपना धान बेचने के लिए बार-बार केंद्रों का चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर तौलाई के दौरान किसानों के धान में डंडी मारते हुए वजन में डेढ़ किलो तक अधिक धान लिया जा रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। रायपुर जिले के सारागांव उपार्जन केंद्र में मंगलवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान केंद्र में रखा धान के आधा दर्जन कट्टों को मैनुअल कांटा में फिर से तौलाया गया, तो 40 किलो के कट्टे में किसी में 41 किलो, तो किसी में 41 किलो 500 ग्राम तक धान मिला। इस तरह एक से डेढ़ किलो तक अतिरिक्त धान चढ़ा मिला।

रायपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने निलजा, सारागांव एवं बंगोली धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मिलकर धान खरीदी की प्रक्रिया की जानकारी। किसानों ने उन्हें बताया कि धान बेचने के लिए

**कांग्रेस जिला अध्यक्ष के निरीक्षण में मिली गड़बड़ी, सारागांव सोसाइटी का किया निरीक्षण**



कोई एक सप्ताह पहले, तो कोई 15 दिन पहले टोकन ले चुके हैं, लेकिन उनका धान अब तक खरीदा नहीं गया है। धान बेचने के लिए वे लगातार खरीदी केंद्रों का चक्कर काट रहे हैं। किसानों को अब यह भी चिंता सताने लगी है कि उनका धान बिक पाएगा या नहीं, क्योंकि अब तक न ही धान खरीदी की तारीख बढ़ाई गई है और न ही खरीदी का रेसो बढ़ाया गया है। केंद्रों में खरीदा गया स्टॉक का उठाव भी बहुत धीमी गति से चल रहा है। इसके कारण भी केंद्रों में धान की खरीदी की रफ्तार धीमी है।

निरीक्षण के दौरान किसानों ने कांग्रेस अध्यक्ष को बताया कि सात वर्ष पहले का बोनस की राशि भी कई किसानों को नहीं मिल पाई है। किसानों के अनुसार कई खाता धारक किसान की मृत्यु हो चुकी है, जिसके कारण उनके परिजन बोनस राशि के लिए सहकारी समितियों का चक्कर काट रहे हैं। इसके अलावा कई किसानों को एक साल का बोनस मिला है, जबकि दूसरे साल का अभी तक अप्राप्त है। धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री घनश्याम वर्मा, वीर देवांगन, चंद्रहास नायक उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों द्वारा लगातार पटाखे फोड़ने से भूखे भागदौड़ कर रहे हाथी हुए आक्रोशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले पांच दिनों से अपने पारंपरिक मार्ग को पकड़ने के लिए लगातार भागदौड़ कर रहा हाथियों का दल अब थक कर चूरहो गया है। लोगों के लगातार शोर-गुल एवं रास्ता बाधित करने से हाथी आक्रोश में हैं। पूरी रात हाथियों को सुरक्षित उनके मार्ग पर पहुंचाने की कोशिश में वन अमला भी पस्त हो गया है। रास्ता इसी तरह रोकते रहे तो हाथियों द्वारा आबादी क्षेत्र में घुसकर घरों में तोड़फोड़ मचाने एवं जनहानि की घटना को अजाम देने से इंकार नहीं किया जा सकता।

वन परिक्षेत्र धौरपुर अंतर्गत ग्राम डड़गांव के पारंपरिक रास्ते से जशपुर की ओर जा रहे 27 सदस्यीय हाथियों का रास्ता बाधित करने से हाथी पांच दिन पूर्व भटक कर शहर के निकट गंझाडांड़ जंगल पहुंच गए थे। हाथियों के शहर के निकट पहुंचने पर वन अमला दिन-रात हाथियों की निगरानी कर रहा है। हाथी शाम ढलने के बाद लगातार अपने पारंपरिक रास्ते को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। वन अमला भी पूरी रात हाथियों को उनके



मार्ग तक सुरक्षित पहुंचाने की मशक्कत कर रहा है लेकिन विभाग को सफलता नहीं मिल पा रही है। हाथियों के आगे बढ़ते ही ग्रामीण पटाखा फोड़ने लगते हैं जिससे हाथी पूरी रात भागदौड़ करने मजबूर हो गए हैं। शहर के निकट के क्षेत्रों में पर्याप्त चारा-पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण हाथी आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों के लगातार विरोध के बाद परेशान हाथी अब असमंजस में पड़ गए हैं तथा किस मार्ग से आगे बढ़ें यह तय नहीं कर पा रहे हैं। बीती रात हाथियों का दल गंझाडांड़ जंगल से निकला तथा लालमाटी जंगल की ओर बढ़ने लगा। वन अमला हाथियों को मोहनपुर कंठी के रास्ते पायल पहाड़ की ओर ड्राइव करने की कोशिश कर रहा था। हाथियों के आगे बढ़ते ही रात्रि 10.30 बजे ग्रामीण पटाखा फोड़ने लगे, एकत्र होकर वनकर्मियों से विवाद करने लगे। पटाखे एवं टार्च की तेज रोशनी से भड़ककर तथा पीछे लौटने लगे। मध्य रात्रि हाथी एनएच क्रास कर निर्माणाधीन वसुंधरा ग्रीन सिटी के पास जलश्रोत में पानी पीने के उद्देश्य से बढने लगे तो पार्क में पिकनिक मना रहे लोग पटाखे फोड़ने लगे।

## सरोना की 28 एकड़ जमीन में दबे कूड़ा करकट को खोदकर बना रहे ढेरी, छंटाई कर करेंगे निष्पादन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नगर निगम के सरोना स्थित पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सालों से डंप कूड़ा करकट को डिस्पोज करने का काम रायगढ़ की एजेंसी ने शुरू कर दिया है। साइट पर 5 पोकलेन मशीन और 7 डंपर लगाकर जमीन में दबे कूड़ा करकट को मशीन से खोद कर ढेरी लगाई जा रही है। इस ढेरी को एक सप्ताह तक सुखाने के बाद उसे इकट्ठा कर अनुबंधित एजेंसी चार भागों में मशीन की मदद से कचरे की छंटाई करा रही है। अब तक 30 फीसदी काम पूरा हो गया है। नगर निगम ने इस कार्य के लिए रायगढ़ की एजेंसी को 12 करोड़ में ठेका दिया है।

22 साल से सरोना में डंप शहरभर का कूड़ा करकट 450 लाख मीट्रिक टन खारुन नदी किनारे दबा पड़ा है। बारिश में इस गंदगी के के कारण खारुन में गंदा पानी रिसकर जाने को लेकर एनजीटी ने रायपुर नगर निगम को कई बार जमकर फटकार लगाई। स्थानीय रहवासियों ने पूर्व जोन अध्यक्ष सोमनलाल ठाकुर के साथ मिलकर कचरा ढोने वाली रामकी कंपनी की गाड़ियों को रोकने चक्काजाम भी किया था। इन सबके बाद नगर निगम ने आनलाइन टेंडर कर रायगढ़ की एजेंसी हिल्बो इंटरप्राइजेस को 12 करोड़ 64 लाख में पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरा निष्पादन का ठेका दिया है। ठेका एजेंसी स्पॉट पर पोकलेन और डंपर मशीन



लगाकर जमीन की 8 फीट तक खुदाई कर जमीन में दबा कूड़ा करकट बाहर निकालकर इसकी अलग-अलग ढेरी लगाा रही है। इसे सप्ताहभर सुखाने के बाद मशीन से 4 अलग-अलग भागों में कचरा छंटाई का काम भी साथ-साथ चल रहा है। निकाले जा रहे कचरों के ढेर में से झिल्ली, प्लास्टिक, कांच व लोहे के टुकड़े को अलग कर कंपनी बेचेगी। वहीं खाद बनाने लायक वेस्ट निकलने पर उसे बायो केमिकल डालकर डी कंपोस्ट कर खाद बनाकर बेचेगी। 22 साल से जमीन में दबे कूड़ा करकट को जमीन से 8 फीट उपर तक खोदाई कर कचरे की छंटाई उसके वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन करने के काम में ठेका एजेंसी को 18 महीने की समय अवधि दी गई है। 28 एकड़ एरिया में दबे कचरे के ढेर को सफाचट करने से एक तरफ जहां खारुन नदी में गंदा पानी रिसकर जाने की समस्या दूर होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पेट्रोल-डीजल के...

**ट्रक-बसें नहीं चली, सड़क सूनी, लोग परेशान-**
ट्रक चालकों की हड़ताल की वजह से छत्तीसगढ़ के अधिकांश हिस्सों में ट्रकें और यात्री बसों का संचालन बुरी तरह प्रभावित रहा। ट्रक-बसों के न चलने से सड़कें सुनसान नजर आईं। बसों ने न चलने से आम व साधारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। बड़ी संख्या में बसें पकड़ने के लिए बस स्टैड के आसपास भटकते नजर आए। राजधानी रायपुर में आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग रोजगार करने और जरूरत के सामानों की खरीदी वगैरह के लिए आते हैं। बस नहीं चलने से ऐसे लोग परेशान रहे।

**100 की जगह 500 का पेट्रोल डलवा रहे हैं-**
धमतरी से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर के पेट्रोल पंपों में दोपहिया वाहनों की कतारें लगी रहीं, जबकि डीजल के लिए मारामारी की स्थिति नहीं है। अंबेडकर चौक स्थित आर.व्ही. कुमार पेट्रोल पंप के संचालक सौरभ नंदा ने बताया कि मंगलवार को डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति हुई है। अफवाह के चलते 100 रुपए का पेट्रोल डलवाने वाले लोग 500 रुपये का डलवा रहे हैं। डीजल के लिए किसी प्रकार की मारामारी नहीं है। धमतरी बस एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर प्रसार गुप्ता ने बताया कि हिट एंड रन पर लाये गये बिल के विरोध में चालक-परिचालकों की हड़ताल जारी है। इसकी वजह से धमतरी से नगरी, मगरलोड, भखारा, दुर्ग, राजनांदगांव जाने वाली सभी बसों के पहिए थम गये हैं। ड्राइवर संघ 1 से 3 जनवरी तक हड़ताल पर है। विद्याकुंज मेमोरियल स्कूल के संचालक हेमंत भांडे ने बताया कि स्कूल बस, वेन सुचारू रूप से चल रही है। स्कूल वाहनों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है।

**कांकेर नहीं पहुंचा कोई भी सामान-**
कांकेर जिले में ट्रक एवं बस के बंद की खबर फैलने के बाद पेट्रोल व डीजल लेने के लिए लोगों सुबह से पेट्रोल पंप पहुँच रहे है और भीड़ लगी हुई है। खाद्य विभाग के अनुसार जिले के सात पेट्रोल पंप जिला मुख्यालय में 3, सरोना में 2, चारामा में 01 और भानुप्रतापपुर में 01 ड्राई है, आज रात इन पेट्रोल पंप में पेट्रोल व डीजल पहुंच जाएगा। साल के पहले दिन 1 जनवरी को 11 वाहन पेट्रोल व डीजल लेकर पहुँचे थे, वहीं दूसरे दिन 2 जनवरी को रात तक 10 वाहन पेट्रोल व डीजल लेकर पहुँच रहे है। सब्जी व फल के व्यवसायियों ने बताया कि रायपुर से किसी भी तरह का सामान कांकेर नहीं पहुँच पा रहा है, यहाँ तक प्रतिदिन आने वाली सब्जी व फलों की आवक भी नहीं हो पाई। सब्जी व फल नहीं आने के कारण अचानक दाम में बढ़ोत्तरी हो गई है। व्यवसायियों का कहना है कि रायपुर मार्केट में भी सामान नहीं पहुँच पा रहा है, क्योंकि ट्रकों के पहिए पूरी तरह से थमे हुए है।

### मालवाहक नहीं...

अपना हजारों कैरेट सब्जी फसल के नष्ट होने का खतरा बना है। बस्तर मिर्च का सबसे बड़ा लेवाल आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना है। अभी मिर्च का परिवहन इन्ही प्रांतों में किया जा रहा है। यहां के टमाटर की मांग आंध्रप्रदेश में अधिक है। टमाटर भी प्रतिदिन 500 कैरेट से अधिक माल आंध्रप्रदेश परिवहन हो रहा है। वाहन परिवहन ठप होने से किसानों को प्रतिदिन लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका बनी है। इस सम्बंध में टेकामेटा के कृषक राकेश रथ ने बताया कम मात्रा में सब्जी फसल लेते है। जिसे स्थानीय संजय बाजार सब्जी मंडी में बेचते है। परिवहन संघ के आंदोलन के कारण छोटे माल वाहक जैसे पिकअप और ट्रेक्टर वाहन भी बाधित होने से सब्जी परिवहन समय से नहीं हुआ तो वर्ष भर की कमाई पर असर होगा। बस्तर जिला किसान कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष राजेश रॉय ने जनप्रतिनिधियों, प्रशासन व शासन से मांग करते कृषकों के सब्जी फसल परिवहन व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

### पेट्रोल-डीजल के...

से अधिक पेट्रोल पंप में स्टॉक खत्म होने की सूचना के बोर्ड टांग दिए गए थे। इसके बाद शाम तक लोग परेशानी में उलझे रहे।

### 24 घंटे निगरानी...

भी आवश्यक वस्तु की आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रशासन सभी स्टाकहोल्डरों से बात करें और देखें कि कहीं जमाखोरी तो नहीं हो रही। मुख्यमंत्री श्री साय ने परिवहनकर्ताओं द्वारा की जा रही आकस्मिक हड़ताल के मद्देनजर राज्य में पेट्रोल-डीजल एवं एलपीजी सहित अन्य जरूरी वस्तुओं का परिवहन सतत जारी रखने एवं आपूर्ति सुनिश्चित कहा है।

**डिपो की सुरक्षा करें ताकि गड़बड़ी न हो-**
सीएम ने ये भी कहा कि राज्य में संचालित पेट्रोलियम-डीजल डिपो तथा एलपीजी डिपो में वाहनों के प्रवेश तथा निकासी में राजस्व, पुलिस एवं खाद्य विभाग के अमले की ड्यूटी लगाई जाए ताकि किसी भी प्रकार का व्यवधान ना किया जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रदेश के किसी भी जिले में पेट्रोलियम-डीजल तथा एलपीजी सेवा वाहनों का परिवहन बाधित न हो। उन्होंने सभी टोल नाकों-चौकी में आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही पेट्रोल-डीजल, घरेलू एलपीजी की सुचारू उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के लिए ऑयल कंपनी के अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय निगरानी दल गठित करने के निर्देश भी दिए हैं। इस मौके पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद, खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा और संचालक खाद्य जितेंद्र शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रदेश में एक...

को बंद रहे। छोटी जगहों की तुलना में बड़े शहरों में बंद होने वाले स्कूलों की संख्या अधिक रही।

### पेट्रोल पंप में...

कुम्हारी, पुलिस पेट्रोल पंप, भिलाई तीन, पावर हाउस, सेक्टर 6, सुपेला, सेक्टर 1, पुलगांव, दुर्ग कचहरी चौक समेत आसपास के पेट्रोल पंपों में सुरक्षा की दृष्टि से संचालकों ने बेरीकेट्स लगाया था।

**स्कूली बच्चों और मरीजों को भी हुई दिक्कत-**
हड़ताल के बाद पेट्रोल नहीं मिलने की अफवाह के बाद स्कूली बच्चों को स्कूल जाने के लिए सड़क पर कई घंटों तक अपने बस का इंताजर करना पड़ गया। इसके अलावा उपचार के लिए एम्बुलेंस से मरीजों को अस्पताल ले जाते समय सड़क पर ड्राइवरों की भीड़ होने के कारण अस्पताल ले जाते देर हुई।

### क्रॉस फायरिंग में...

गई। वहीं उसकी मां मासे के हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गई। इस घटना के बाद मंगलवार को एसपी बीजापुर के नेतृत्व में पुलिस व फॉरेसिंक की टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इधर नक्सलियों ने पुलिस पर कावाड़गांव में नया पुलिस कैम्प खोलने के तीन दिन के भीतर अधांधुध फायरिंग कर बच्चे की हत्या करने का आरोप लगाया है।

पुलिस द्वारा मंगलवार को पीएम के बाद बच्ची का शव परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिसके बाद दोपहर में गांव में ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि डीआरजी व सीआरपीएफ की टीम सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी, तभी भैरमगढ़ एरिया कमेटी के सचिव चन्द्रन्ना एवं एरिया कमेटी सदस्य मंगली की टीम के नक्सलियों द्वारा गांव की आड़ लेकर पुलिस टीम पर फायरिंग की गई। दोनों ओर से लगभग 20 मिनट तक गोलीबारी हुई इसी बीच क्रॉस फायरिंग की जद में आने से मासूम बच्ची व उसकी मां आ गए, जिन्हें तत्काल गंगालूर अस्पताल में लाकर प्राथमिक उपचार शुरू किया गया, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। बेहतर उपचार के लिए मां को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर ग्रामीणों का कहना है कि दोनों ओर से गोली चल रही थी किधर से गोली आई और बच्चे की मौत हुई, इसका पता नहीं लेकिन मुठभेड़ की बात ग्रामीण कह रहे है।

**नक्सलियों ने लगाया हत्या का आरोप-**
नक्सलियों के पश्चिम डिवीजनल कमेटी के सचिव मोहन ने प्रेसनोट जारी किया है, जिसमें नक्सलियों ने जवानों पर सड़क का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर अंधाधुंध फायरिंग करने का आरोप लगाया है। इसी फायरिंग के दौरान मासूम बच्ची सोढ़ी बामन की मौत हो गई, साथ ही उसकी मां सोढ़ी मासे के घायल होने की बात कही गई है। प्रेस नोट में दो जवानों के घायल होने का दावा किया गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने प्रेस नोट जारी करते हुए क्रॉस फायरिंग में मासूम बच्ची की मौत और उसकी मां के घायल होने की जानकारी दी है। नक्सली नेता ने प्रेसनोट जारी कर इस मामले में शामिल जवानों को सजा देने की मांग की है।

### महिला कर्मी पेंशन...

नियमों के अनुसार, मृत सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी के जीवन साथी के पारिवारिक पेंशन के लिए अयोग्य हो जाने या उसकी मृत्यु हो जाने पर ही परिवार के अन्य सदस्य अपनी बारी पर पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र बनते हैं। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) ने अब नियमों में संशोधन किया है और एक महिला कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन के लिए अपने पति के बजाय अपने बच्चे/बच्चों को नामांकित करने की अनुमति दी है। यह संशोधन एक महिला सरकारी कर्मचारी को पारिवारिक पेंशन पति के बजाय उसके पात्र बच्चे को वितरित करने की अनुमति देता है।

### महंत के बंगले...

लाइंस में आबंटित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बंगला अभी तय नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि वे मुख्यमंत्री निवास में ही जा सकते हैं।

### गुरु रुद्र का ...

को सी -4 शंकर नगर में बंगला आबंटन किया गया है, यहां पर पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे का निवास था। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सी-2 शंकरनगर में सरकारी बंगला का आबंटन किया गया है। मंत्री ओपी चौधरी को डी 5/9 शंकर नगर में सरकारी बंगला आवंटन किया गया है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को डी-7-डी- 8 शंकर नगर में सरकारी बंगला आबंटित किया गया है। वहीं मंत्री टंकराम वर्मा को बी -5/ 10 शंकर नगर में सरकारी बंगला आबंटित किया गया है।

### लैडिंग के वक्त...

रहा है कि विमान में कुल 379 लोग सवार थे। दूसरे विमान का संचालन करने वाले जापान तटरक्षक ने कहा कि उसका पायलट बच गया, लेकिन चालक दल के पांच सदस्य लापता हैं। स्थानीय टीवी चैनल के वीडियो में जापान एयरलाइंस के विमान के रनवे पर उतरने के दौरान आग और धुएं का एक बड़ा गुबार दिखाई दिया। इसके बाद विमान के पंख के आसपास के क्षेत्र में आग लग गई। एक घंटे बाद की वीडियो फुटेज में विमान पूरी तरह से जलता हुआ दिखाई दिया। एनएचके टीवी ने कहा कि विमान एयरबस ए-350 था, जिसने साप्पोरो शहर के पास शिन चिटोस हवाई अड्डे से हानेडा के लिए उड़ान भरी थी। तटरक्षक प्रवक्ता योशिनोरी यानागिशिमा ने यात्री विमान और (तटरक्षक) बल की उड़ान एमए-722, बॉम्बार्डियर डैश-8 के बीच टक्कर की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पायलट विमान से निकल गया है और अधिकारियों से संपर्क किया है, लेकिन चालक दल के अन्य पांच सदस्यों का पता नहीं चल पाया है और विमान की स्थिति की भी जानकारी नहीं है। हानेडा जापान के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है, और कई लोग नए साल की छुट्टियों में यात्रा करते हैं। **मामले की जांच कर रहा परिवहन मंत्रालय-**
देश की समाचार एजेंसी के मुताबिक, जापान एयरलाइंस ने बताया कि यात्री विमान या तो रनवे पर दूसरे विमान से टकरा गया या उतरने के बाद टैक्सीवे से टकरा गया। भूमि, बुनियादी ढांचा, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय ने कहा कि वह मामले की जांच कर रहा है।

### झारखंड से योजना...

खोजा, नहीं मिलने पर पीछे के दरवाजे से निकल गया।

**2 दिन पहले बाहर से आया-**
आरोपी उमेंद्र केंवट कमाने खाने के लिए झारखंड गया था। 2 दिन पहले घर लौटा था। वह पहले से अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका कर विवाद करता रहता था। इस बार वह झारखंड से पत्नी व बच्चों की हत्या कर खुदकुशी करने की योजना बनाकर घर लौटा था।

**शाम को बच्चों ने मनाई थी नए साल की पार्टी-** तीनों बच्चों ने अपने दादा-दादी, चाचा के बच्चों के साथ 1 जनवरी की शाम घर के आंगन में केक काटकर नए साल की पार्टी मनाई। उसके बाद भोजन के बाद सो गए थे। देर रात उसके पिता ने उन्हें हमेशा के लिए मौत की नींद सुला दिया।

**पुलिस आने पर घरवालों को जानकारी हुई-**
आरोपी रात में वारदात को अंजाम देने के बाद पीछे के रास्ते से थाने चला गया था। घर में सो रहे उसके माता-पिता व छोटे भाई के परिवार के सदस्यों को जघन्य वारदात की भनक तक नहीं लगी। सुबह पुलिस उमेंद्र को लेकर घर आई तब घर के सदस्यों को हत्या की जानकारी हुई।

### थाने में किया...

शव पड़े हुए थे। सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी अर्चना झा, फॉरेंसिक एक्सपर्ट और मस्तूरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

### आईसीयू में भर्ती...

पड़ने वाला है। खासकर मरीज के जीवित रहने के लिहाज से, तो आईसीयू में रखना व्यर्थ की देखभाल करना है। इसमें कहा गया है कि यदि कोई आईसीयू में देखभाल के खिलाफ है तो उस व्यक्ति को आईसीयू में भर्ती नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा महामारी या आपदा की स्थिति में, जब संसाधन की कमी होती है, कम प्राथमिकता वाले मानदंडों को एक मरीज को आईसीयू में रखने के लिए ध्यान में रखा जाना चाहिए। दिशा-निर्देश में कहा गया है कि किसी मरीज को आईसीयू में भर्ती करने का मानदंड किसी अंग का काम करना बंद करना और मदद की आवश्यकता या चिकित्सा स्थिति में गिरावट की आशंका पर आधारित होना चाहिए। जिन मरीजों ने हृदय या श्वसन अस्थिरता जैसी किसी बड़ी 'इंट्राऑपरेटिव' जटिलता का अनुभव किया है या जिनकी बड़ी सर्जरी हुई है, वे भी मानदंडों में शामिल हैं। दिशा-निर्देश में गंभीर रूप से बीमार मरीजों को जिन स्थितियों में आईसीयू में नहीं भर्ती करने के लिए कहा गया है उनमें मरीज या मरीज के परिजनों की ओर आईसीयू में भर्ती से इंकार करना, कोई बीमारी जिसके इलाज की सीमा है, आईसीयू देखभाल के खिलाफ किसी व्यक्ति की ओर से पूर्व में दिए गए लिखित दस्तावेज (वसीयत) या उन्नत निर्देश और महामारी या आपदा की स्थिति में जब संसाधन (बिस्तर, उपकरण, कर्मचारी आदि) की कमी हो तब निरर्थकता और कम प्राथमिकता मानदंडों के तहत आने वाले लाइलाज रोगी शामिल हैं।

### देश में आईसीयू...

बताया, गरीब जो प्राइवेट अस्पताल का खर्च नहीं उठा सकते, उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ता है। कई बार वो आईसीयू बेड पाने में नाकाम रहते हैं। आईसीयू में मरीजों को तरजीह देने का विचार उनके मेडिकल कंडीशंस पर निर्भर किया जाना चाहिए। सरकार को इस दिशा में काम करना चाहिए जिससे इतनी सुविधा बढ़े कि सभी को क्रिटिकल केयर मिल सके।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सूरजपुर वनमण्डल सूरजपुर (छ.ग.)**

Phone No. ( 07775)-266992 (O) E-mail ld-dfosurajpur@gmail.com

क्रमांक / मा.चि./ सूरजपुर, दिनांक / / /2024

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वनमण्डल सूरजपुर छ. ग. द्वारा समस्त परिक्षेत्रों में चल रहे ए.एन.आर. कार्य हेतु लकड़ी खूंटा की निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निर्धारित समयावधि अनुसार राशि रू. 1000/ - का डिमांड ड्राफ्ट/नगद शुल्क जो वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर के नाम में देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता है:-

| निविदा चक्र | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि /समय | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि / समय | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|
| प्रथम निविदा | 24.01.2024 दोपहर 12 बजे तक | 24.01.2024 दोपहर 02 बजे तक | 24.01.2024 सायं 03 बजे |

जी-06835/2

**वनमण्डलाधिकारी**
**सूरजपुर वनमण्डल, सूरजपुर**

**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar. Raipur**

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**

Telephone-0771-2443596 Fax - 0771-2443496
Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

**// विज्ञापन //**

**जूनियर कंसल्टेंट की आवश्यकता है**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, छ ग, रायपुर के स्कूल लीडरशीप अकादमी में शैक्षिक गतिविधियों में सहयोग हेतु रु.30000/ ( तीस हजार मात्र) एक मुश्त प्रतिमाह भुगतान के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक के लिए अस्थायी रूप से एक जूनियर कंसल्टेंट की आवश्यकता है । विस्तृत विवरण एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के वेबसाइट www.scert.cg.gov.in पर देखा जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि- विज्ञापन प्रकाशित होने से एक सप्ताह, जनवरी 2024 तक ।
(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)


जी-06829/2

**(पुष्पा किसपोटटा)**
**उप संचालक**
**एस.सी.ई.आर.टी. छ. ग. रायपुर**

**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

**दावा-आपत्ति**

1. बच्चे का नाम :- रानी चौहान
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 07.08.2022
3. संस्था :- श्री चक्रधर बालिका गृह रायगढ़ (छ.ग.)
4. रंग :- सांवली
5. उम्र :- 08 वर्ष लगभग




बाल कल्याण समिति रायगढ़ के आदेश क्रमांक 234 दिनांक 07 / 08 / 2022 के द्वारा उक्त बालिका को अस्थाई संरक्षण हेतु श्री चक्रधर बालिका गृह रायगढ़ (छ. ग.) में रखा गया हैं ।

सर्व संबंधित को जो बालिका के वैधानिक पालक / अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते हैं वो प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला रायगढ़ अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण रायगढ़ (छ.ग.) मे दावा आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उक्त समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी ।
यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया ।

जी-06839/2

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी**
**जिला बाल संरक्षण इकाई**
**जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**
**दूरभाष क्र 9165584847**



मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 का खिताब अपने नाम किया था

लियोनेल मेसी से पहले 10 नंबर की जर्सी दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना पहन चुके हैं.

# दिग्गज फुटबॉलर मेसी को बड़ा सम्मान, 10 नंबर जर्सी होगी रिटायर

एजेंसी ▶▶| अर्जेंटीना

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी एक बार फिर चर्चा में हैं। जब मेसी संन्यास ले लेंगे तो उनकी 10 नंबर जर्सी को रिटायर कर दिया जाएगा। इसका मतलब ये है कि अब भविष्य में इस नंबर की जर्सी कोई भी प्लेयर नहीं पहन सकेगा। मेसी को सम्मान देने के लिए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने यह फैसला किया है। लियोनेल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने पिछले साल कतर हुए फीफा विश्व कप पर कब्जा कजमाया था। टीम ने फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराया था और 36 साल बाद वर्ल्ड चैंपियन बनी थी।

## 2022 में जीता था विश्व कप

लियोनेल मेसी फुटबॉल की दुनिया के दिग्गज हैं। साल 2022 उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2022 का खिताब अपने नाम किया था। मेसी के करियर की यह पहली वर्ल्ड कप ट्रॉफी थी। इससे पहले साल 2014 में मेसी की टीम जर्मना से फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला हार गई थी।



## ये दिग्गज भी पहन चुका है 10 नंबर की जर्सी

लियोनेल मेसी से पहले 10 नंबर की जर्सी दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना पहन चुके हैं। वह भी अर्जेंटीना से खेलते थे। इस टीम ने माराडोना के सम्मान में इस जर्सी को 2002 में रिटायर करने की कोशिश की थी, लेकिन इंटरनेशनल फुटबॉल फेडरेशन के सख्त नियमों की वजह से ऐसा नहीं हो सका। आपको बता दें कि कुछ सप्ताह पहले 2022 वर्ल्ड कप के दौरान मेसी द्वारा पहनी गई 6 जर्सियां एक नीलामी में 7.8 मिलियन डॉलर (करीब 64 करोड़) में बेची गई थीं।

## मेसी ने 106 गोल किए हैं

लियोनेल मेसी अर्जेंटीना के लिए लंबे समय तक खेले हैं। उन्होंने 180 मैचों में 106 गोल किए गए हैं। खास बात ये है कि मेसी ने साल 2021 कोपा अमेरिका और 2022 में वर्ल्ड कप टीम को जिताया है। अब 2026 के फीफा वर्ल्ड कप में वह खेलेंगे या नहीं, ये साफ नहीं हो पाया है।

## अब कोई नहीं पहन सकेगा इस नंबर की जर्सी

एक रिपोर्ट में अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया के हवाले से लिखा गया है कि जब मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लेंगे तो उनके बाद किसी और को उनकी 10 नंबर की जर्सी पहनने की इजाजत नहीं होगी। 10 नंबर की जर्सी को मेसी के सम्मान में रिटायर कर दिया जाएगा। हम उनके लिए इतना तो कर ही सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### नडाल ने साल के पहले मैच में जीत दर्ज की

**ब्रिसबेन।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन रफेल नडाल ने दुनिया के पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी डोमिनिक थिएम को 7-5, 6-1 से हराकर इस वर्ष में पहली जीत दर्ज की। पिछले साल जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में बाहर होने के बाद से नडाल ने कोई एकल मैच नहीं खेला है। सैतीस वर्ष के नडाल ने पहले सेट में सिर्फ छह सहज गलतियां की और तीन ही अंक गंवाये। उन्होंने 89 मिनट में यह मुकाबला जीता। कूल्हे की चोट के कारण लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद लौटे नडाल यहां वाइल्ड कार्ड पर खेल रहे हैं।

### चेन्नई ओपन : मित्रा से हारने के बावजूद कृष्णान शीर्ष पर

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर पी सरवना कुमार चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अधिराज मित्रा से हारने के बावजूद शीर्ष पर बने हुए हैं। कृष्णन चार अंक लेकर पांच अन्य ग्रैंडमास्टर फेडोरोव अलेक्सेइ (बेलारूस), ग्लेक इगोर (बेल्जियम), के मुहम्मद (ताजिकिस्तान), मानिक मिकुलास (स्लोवाकिया) और एंगुयेन डुक होआ (वियतनाम) के साथ शीर्ष पर हैं।

# टीम इंडिया के पास केपटाउन में इतिहास रचने का मौका

## द.अफ्रीका बनाम भारत दूसरा टेस्ट आज से न्यूलैंड्स मैदान में दोपहर 1.30 बजे से

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 जनवरी से केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान में शुरू होने वाला है। बता दें कि इस मैदान में भारत आज तक एक भी मैच नहीं जीता है। दक्षिण अफ्रीका सीरीज में 1-0 से आगे है। उन्होंने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को पारी और 32 रन से हराया था। ऐसे में यह टेस्ट भारतीय टीम हर हाल में जीतना चाहेगी और भारत कैसे भी दूसरा टेस्ट जीतकर इतिहास रचने या फिर ड्रॉ कराकर सीरीज में क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। इस मैच को भारतीय समयानुसार दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+ हॉटस्टार ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।



### टीमें इस प्रकार

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार।

**द.अफ्रीका :** डीन एल्गर (कप्तान), एडेन मार्करम, टोनी डी जोरजी, ट्रिस्टन स्टब्स, कीगन पीटरसन, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन, मार्को जेन्सन, लुंगी एनगिडी, कगिसो रबाडा और नंद्रे बर्गर।

### भारत-द.अफ्रीका मैचों के आंकड़े

टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 43 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 15 मैच में जीत मिली है। 18 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की धरती पर दोनों टीमों के बीच 24 टेस्ट खेले गए हैं। 4 मैच में भारतीय टीम को जीत और 13 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। 7 मैच ड्रॉ रहे हैं।

### इनके प्रदर्शन पर रहेगी नजर

एल्गर ने पिछले 10 मुकाबलों में 563 रन बनाए हैं। पहले टेस्ट में उन्होंने शानदार शतक (185) लगाया था। मार्करम ने पिछले 5 मैच में 39.63 की औसत से 317 रन बनाए थे। कोहली ने पिछले 10 मैच में 47.73 की औसत से 716 रन बनाए हैं। रोहित के बल्ले से पिछले 8 मैच में 545 रन निकले हैं। रबाडा ने पिछले 9 मैच में 44 विकेट झटके हैं। जडेजा के नाम पिछले 7 मैच में 33 विकेट है।

### कैसा है पिच का मिजाज?

केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान की पिच पर टेस्ट क्रिकेट में तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। ऐसे में यहां बल्लेबाजों के लिए रन बनाना बिल्कुल भी आसान नहीं होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने लगाई वनडे जीत की हैट्रिक नहीं टिक सकीं भारतीय खिलाड़ी

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच खेले गए तीसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम को 190 रन से हार मिली है। तीन मैचों की वनडे सीरीज पर ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम एक भी वनडे मैच अपने नाम नहीं कर पाई। पहले वनडे में टीम को 6 विकेट से और दूसरे मैच में 3 रन से हार मिली थी। आखिरी मैच में कई रिकॉर्ड्स भी बने।

### ऐस रहा मैच का हाल

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उनका फैसला सही साबित हुआ और पहले विकेट के लिए फोएबे लिचफील्ड और एलिसा हीली ने 189 रन जोड़े। लिचफील्ड ने 119 और हीली ने 82 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में 338 रन का स्कोर बनाया। जवाब में भारतीय टीम सिर्फ 148 रन बना पाई। ऑस्ट्रेलिया के लिए जॉर्जिया वेयरहैम ने 3 विकेट लिए। मेगन शुट्ट, अलाना किंग और एनाबेल सदरलैंड ने 2-2 विकेट झटके।

### ऑस्ट्रेलिया की पारी में बने ये रिकॉर्ड्स

ऑस्ट्रेलिया द्वारा 338 रन भारतीय महिला टीम के खिलाफ किसी भी टीम के द्वारा वनडे में बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले साल 2018 में भारतीय टीम के खिलाफ 332 रन बनाए थे। लिचफील्ड और हिली ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर भारत के खिलाफ वनडे में सबसे बड़ी साझेदारी (189 रन) की है। पिछला रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की लिजेल ली और लौरा वोल्वार्ड्ट (169 रन) के नाम था।

### दीप्ति शर्मा ने वनडे में पूरे किए 100 विकेट

भारतीय टीम की ऑलराउंडर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने वनडे क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह यह कारनामा करने वाली सिर्फ चौथी भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने नूशिन अल खादीर (100 विकेट) की बराबरी की है। वनडे में उनसे ज्यादा विकेट केवल झूलन गोस्वामी (155) और नीतू डेविड (141) ने लिए हैं। दीप्ति ने राजेश्वरी गायकवाड़ को पीछे छोड़ दिया है, जिनके वनडे में 99 विकेट हैं।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION BILASPUR (C.G.)**

**E-PROCUREMENT Tender Notice**
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
Second Call

NIT No. 94/bmc/Project Cell/23-24 Bilaspur Date 02/01/24

Online bids are invited for the following works up to 18/01/2024 at 17:30 hours.

| System Tender No. | Name of the work | Probable Amount of Contract (in Lacs) | Last date of submission |
|---|---|---|---|
| 149678 | GIS-based Mechanical and Manual Sweeping of selected roads (including footpaths, road berms, divider, curb channels, curb stones) | 4766 | 18.01.2024 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 04/01/2024 at 17:31 Hours. (IST) onwards. Pre-bid Meeting will be on 11/01/2024 at 12 Noon in the office of municipal corporation Bilaspur.

Clean City - Green City

Health Officer,
Nagar Palik Nigam, Bilaspur (C.G.)

## ओलंपिक क्वालीफायर : महिला टीम की पहली भिड़ंत 13 को अमेरिका से



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने आगामी 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाली एफआईएच हॉकी क्वालीफायर्स रांची 2024 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम के 18 सदस्यों के नाम की घोषणा की है। हाल ही में लगातार तीसरी बार एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने वाली अनुभवी भारतीय गोलकीपर सविता को एक बार फिर टीम की कमान सौंपी गई है। क्वालीफायर की शीर्ष तीन टीमों को पेरिस ओलंपिक का टिकट मिलेगा। टीम प्रतियोगिता में शीर्ष तीन टीमों में जगह बनाने और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए योग्यता हासिल करने के लक्ष्य के साथ रांची में मैदान में उतरेगी।

**गोल संभालेंगी सविता और बिचू, इनको भी मिली जगह :** सविता एक बार फिर टीम का नेतृत्व करेगी। वहीं, अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी वंदना कटारिया को टूर्नामेंट के लिए उप-कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## वॉर्नर की गुम गई बैगी ग्रीन कैप, जिसे ढूंढ़ने जासूस लगाने तक की हो गई बात

**सिडनी।** डेविड वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने वाले हैं। पाकिस्तान-ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच के बाद वह रिटारयमेंट ले लेंगे। इससे पहले उनकी बैगी ग्रीन कैप गायब हो गई है। उन्होंने मंगलवार सुबह एक भावुक वीडियो पोस्ट करके इसे लौटाने की अपील की। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने मजाक में कहा कि ऑस्ट्रेलिया की सरकार इसे देशभर में तलाश कराए। जरूरत पड़े तो जासूस लगाए।

### क्या है बैगी ग्रीन कैप

टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी बैगी ग्रीन कैप पहनकर मैदान पर उतरते हैं। ऊन से बनी यह टोपी हरे रंग की होती है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा**
**जिला-हरदा**

PH.No. 07577-222238, Mail - cmoharda@mpurban.gov.in

क्र./स्व.भा.मि./2024/.......... हरदा, दिनांक-02.01.2024

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिका परिषद, हरदा जिला-हरदा द्वारा De-Sluding Vehicle (3 Pieces) क्रय करने हेतु दरें आमंत्रित की गई है। इस हेतु जेम पोर्टल पर बिड क्रमांक GEM/2023/B/4416024 दिनांक 30/12/2023 को जारी की गई है। जेम पोर्टल पर बिड करने हेतु अंतिम तिथि 29/01/2024 समय सायं 7:00 बजे तक है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी जेम पोर्टल पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हरदा (म.प्र.)**




## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता

## शब्द पहेली - 5383



**बाएँ से दाए-**
1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5382 का हल



## सूडोकु नवताल- 5393

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5392 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |




# खतरनाक जनजाति, अंतिम संस्कार के समय इंसान का दिमाग खाने की परंपरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में रहने वाली आदिवासी प्रजातियां अभी भी हजारों साल पुरानी परंपराओं का पालन करती हैं। यह जनजातियां, जहां रहती हैं वहां पर उनका पूरा अधिकार होती है। सरकारें भी इन प्रजातियों के अधिकारों में दखल नहीं देती हैं।

दुनिया में पाई जाने वाली इन जनजातियों में कुछ बेहद खतरनाक मानी जाती हैं। इनमें पापुआ न्यू गिनी में पाई जानी वाली एक जनजाति भी शामिल है। इस जनजाति को इसके एक अजीबोगरीब रिवाज के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है, जिसके बारे में जानकर आप हैरत में पड़ जाएंगे। इस जनजाति में किसी भी शख्स के अंतिम संस्कार के समय इंसान के दिमाग को खाने की परंपरा थी।

## शरीर के मांस को भूनकर खा जाते थे

मृत व्यक्ति के शरीर से महिलाएं दिमाग को निकालती थीं और बांस में पकाती थीं। पित्ताशय को छोड़ दिया जाता था और शरीर के सभी मांस को भूनकर खा जाते थे। इन जनजाति के लोग यह नहीं जानते थे कि मानव मस्तिष्क में एक घातक अणु पाया जाता है, जिसके खान पर मौत हो सकती है। न्यू गिनी के जिला चिकित्सा अधिकारी ने पापुआ न्यू गिनी के रहने वाली जनजाति के कुछ लोगों में एक घातक और रहस्यमयी बीमारी पाई गई थी।



## कुरु बीमारी से थे पीड़ित

वह इस बीमारी से चल फिर नहीं पाते थे और खाना खा नहीं पाते थे। इसकी वजह से धीरे-धीरे कमजोर हो जाते थे और मौत हो जाती थी। इस जनजाति के लोग इस बीमारी कुरु नाम दिया जिसका मतलब 'डर से कांपना है। इस बीमारी के कारण जनजाति के करीब दो प्रतिशत लोगों की मौत हो जाती थी। अब शोध से पता चला है कि प्रायंस' नामक प्रोटीन के कारण होने वाली बीमारियों में कुरू भी शामिल है। इसमें रीप्रोड्यूस करने और संक्रामक बनने की क्षमता होती है।

## होता है दावत का आयोजन

ब्रिटेन और पापुआ न्यू गिनी में फोर जनजाति पाई जाती है। इन जनजाति के लोगों पर वैज्ञानिकों ने शोध किया है। इस शोध में हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। इस जनजाति के खाने में मृत रिश्तेदारों का दिमाग भी शामिल था। फोर जनजाति में किसी व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया जाता था, तो वहां ऐसी दावत का आयोजन किया जाता था। इन आयोजनों में लोग अपने मरने वाले रिश्तेदारों का मांस खाते थे, तो वहीं उनका दिमाग महिलाएं खाती थीं। अपने प्रिय लोगों के सम्मान के तौर पर इस प्रथा का पालन किया जाता था। यह जनजाति मानती थी कि अगर शरीर को दफना दिया जाता है या कहीं पर रखने से कीड़े खाते हैं। इससे अच्छा है कि मृतक से प्यार करने वाले लोग शरीर को खा जाएं।

# अंधकार से भरे जीवन में जगाया विश्वास, इस काबिल बनाया कि आज सरकारी दफ्तरों में इनकी धमक

सत्यम शर्मा ▶▶| राजनांदगांव

चुनौतियों से भरे इस जीवनकाल में सामान्य व्यक्तियों को भी आसानी से सफलता नहीं मिलती, ऐसी स्थिति में यदि किसी व्यक्ति में कोई दिव्यंगता हो जाए तो दिक्कतें और बढ़ जाती है। ऐसे ही सैकड़ों दृष्टि बाधित दिव्यांगों के अंधकार भरे जीवन में विश्वास जगाने का काम राजनांदगांव स्थित संस्कार श्रद्धांजलि संस्था कर रही है। इस संस्था के प्रयासों का ऐसा असर हुआ है कि इन दिव्यांगों में से कई ने सरकारी विभागों में अपनी जगह बना ली है। इसके साथ ही कई दिव्यांग निजी सेक्टर में भी अपना लोहा मनवा रहे हैं। इस संस्था द्वारा करीबन डेढ़ सौ जोड़ों को विवाह के बंधन में भी बांधने का काम किया गया है।

संस्था के अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया कि आज से करीबन दो दशक पहले उनके द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांगों के जीवन में सुधार लाने प्रयास के चलते संस्था की शुरुआत की थी। शुरूआती दौर में गिने-चुने लोग ही उनसे जुड़ रहे थे, लेकिन धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ने लगी और आज जिले सहित प्रदेशभर से दृष्टिबाधित दिव्यांगों के जीवन में बदलाव लाने का काम उनकी संस्था कर रही है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। जिससे कई दिव्यांगों को शिक्षा दिलाने का काम किया गया है। खेल के क्षेत्र में भी दृष्टिबाधित दिव्यांगों को बढ़ावा देने का काम किया गया है। आज विश्वभर में बनाए जाने वाली लुई ब्रेल जयंती के अवसर पर भी संस्था द्वारा हर साल आयोजन किया जाता है। जिसमें देशभर से दृष्टिबाधित दिव्यांग शामिल होते हैं।



## हर साल करा रहे आयोजन

तीन जनवरी को विश्वभर में लुई ब्रेल जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर राजनांदगांव में भी संस्कार श्रद्धांजलि संस्था द्वारा 2006 से लगातार आयोजन कराए जा रहे हैं। इस आयोजन में देशभर से दृष्टिबाधित दिव्यांग शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। इस बार भी देश के अलग-अलग राज्यों से दृष्टिबाधित दिव्यांग राजनांदगांव पहुंचे हैं।



## दो साल की उम्र में पिता की मौत, मजदूरी भी की, आज बैंक में पदस्थ

संस्कार श्रद्धांजलि संस्था द्वारा राजनांदगांव के डोंगरगांव में रहने वाले कीर्तन चंद्रवंशी की भी मदद की गई थी। कीर्तन आज आंध्रा बैंक में पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि महज दो साल की उम्र में उनके पिता की मौत हो गई थी। मां मजदूरी कर उनका पालन-पोषण कर रही थी। दृष्टिबाधित होने के कारण उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन संस्कार श्रद्धांजलि संस्था से जुड़ने के बाद उनकी शिक्षा के लिए मदद मिली और संस्था ने ही उन्हें चित्रकूट में बीएड करने का पूरा खर्च उठाया। लगातार मिली मदद और अपनी मेहनत से उन्होंने दिल्ली में परीक्षा पास कर बैंक में नौकरी हासिल कर ली।


## सफलता के कई उदाहरण

संस्कार श्रद्धांजलि संस्था द्वारा सैकड़ों दृष्टिबाधित दिव्यांगों के जीवन में बदलाव लाया गया है। जिनमें किर्तन चंद्रवंशी के अलावा राकेश प्रसाद शामिल हैं। ये बिलासपुर नगर निगम में पदस्थ हैं। ऐसे ही संस्था की मदद के बाद कमलेश कुमार ने रेलवे विभाग में नौकरी हासिल की। बंशीलाल चांपा में हॉर्टिकल्चर विभाग में पदस्थ हैं। मनीष कश्यप बिल्हा में सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं। ऐसे ही कई और उदाहरण भी उपलब्ध है, जिन्होंने संस्था की मदद से आज बेहतर मुकाम हासिल कर लिया है।

# बड़ी संख्या में मिला विमानों का मलबा
# समुद्र की गहराई में दुनिया का सबसे बड़ा कब्रिस्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुउक द्वीप समूह में पानी के भीतर की शॉकिंग तस्वीरें सामने आई हैं। जिन्हें देखने के बाद लोग इसे पानी के भीतर का दुनिया का सबसे बड़ा कब्रिस्तान बता रहे हैं। तस्वीरों ने उस विनाशकारी स्थान के काले इतिहास का खुलासा कर दिया है, जहां डूबे हुए जहाज आज भी सड़ रहे हैं। इंसानी कंकाल, जहाज पर लदा सामान और अन्य वाहन यहां पड़े हुए हैं। ये खोज चुउक द्वीप समूह में की गई। यहां बड़ी संख्या में जहाजों और विमानों का मलबा पड़ा है। इस मलबे को अब एक जगह एकत्रित करके रखा जा रहा है। हालांकि इसकी सतह के नीचे नौसेना के जहाजों, जापानी ट्रकों का मलबा और पुराने डाइविंग सूट पड़े हैं। ये सब चीजें इतिहास में मची तबाही का सबूत हैं, जिनमें दूसरा विश्व युद्ध भी शामिल है।



## जगह से जुड़े हैं अंधविश्वास

तस्वीरों में इंसानी कंकाल दिख रहे हैं लेकिन फिर भी ये जगह गोताखोरों के बीच काफी फेमस है। हालांकि गोताखोर इस दौरान पूरी सावधानी बरतते हैं। साथ ही वो इस जगह से जुड़े अंधविश्वासों पर भी विश्वास करते हैं। इन लोगों का दावा है कि पानी के नीचे संघर्षों में मारे गए सैनिकों की रुह रहती है। जिन सैनिकों की यहां मौत हुई थी, उनमें अमेरिकी और जापानी सैनिक शामिल थे। गोताखोरों ने पानी की गहराइयों में जाकर तस्वीरें क्लिक की हैं। दो दिन तक चले ऑपरेशन हेलस्टोन में 250 जापानी विमान नष्ट हुए थे। 1944 में अमेरिकी सैनिकों द्वारा इसे अंजाम दिया गया। इसमें बड़ी संख्या में जापानी सैनिक तो मारे ही गए। साथ ही उसे 17,000 टन संग्रहीत ईंधन का नुकसान हुआ। ये दो दिवसीय हवाई हमलों में नष्ट हो गया था। जापानी सेना के प्रमुख जहाज अमेरिका के इस ऑपरेशन से नष्ट होकर डूब गए थे।

## पानी के भीतर मौजूद हैं शॉकिंग वस्तुएं

कुछ मलबा ऑपरेशन हेलस्टोन के दौरान डूबे हुए जहाजों और विमानों का है, जो दूसरे विश्व युद्ध के दौरान का एक सैन्य संघर्ष था, जिसमें 4,500 जापानी सैनिक मारे गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, इस ऑपरेशन में सैकड़ों विमान और दर्जनों जहाज डूब गए थे। साथ ही 40 अमेरिकी सैनिक भी मारे गए थे। पानी में मौजूद मलबा युद्ध में इस्तेमाल हुए जहाजों और विमानों का है। ऐसा ही मलबा पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस के तटों और इंडोनेशिया की ओर जाने वाले पानी में पाया गया है। इसके अलावा पानी के नीचे गहराई में जो मलबा मिला है, उनमें ट्रक का मलबा भी है। होकी मारू जहाज के मलबे में अभी भी वाहन के टायर, हेडलाइट्स और फ्रेम सहित अन्य चीजें शामिल हैं।

# दुनिया का सबसे खाली हवाई अड्डा खरीदेगा भारत, रूस होगा पार्टनर




**कोलंबो।** भारत और रूस जल्द ही दुनिया के सबसे बेकार हवाई अड्डे को साथ मिलकर खरीद सकते हैं। यह हवाई अड्डा भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका में स्थित है, जिसे चीन के पैसों से बनाया गया है। यह एयरपोर्ट श्रीलंका के मटाला शहर में स्थित है, जो हंबनटोटा बंदरगाह से लगभग 18 किलोमीटर दूर है। इसे मटाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा या हंबनटोटा हवाई अड्डा के नाम से भी जानते हैं। कम उड़ानों को देखते हुए श्रीलंका ने शुरुआत में इस हवाई अड्डे पर लंबी अवधि के लिए विमान पार्किंग फैसिलिटी शुरू करने, फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल खोलने और मेंटीनेंस बेस बनाने का प्लान बनाया, लेकिन यह फेल हो गया। इसके बाद इस एयरपोर्ट की हालत इतनी खराब हो गई कि यह अपनी बिजली बिल को जमा करने भर की कमाई भी नहीं कर सका।

## सैन फ्रांसिस्को में ट्रेन में लगी आग

**ओरिंडा।** सैन फ्रांसिस्को बे एरिया में यात्री ट्रेन पटरी से उतर गई और उसके बाद उसमें आग लग गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में कई लोगों को मामूली चोटें आई और कुछ समय के लिए रेल सेवा भी बाधित हो गई।

## समुद्र के तट पर मिली लाखों साल पहले खोई कॉलोनी

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने ऑस्ट्रेलिया के तट पर एक ऐसी जगह की खोज की है, जो कभी हजारों लोगों का घर हुआ करती थी। रिपोर्ट के अनुसार, साहुल के उत्तर-पश्चिमी शेल्फ पर मानव जीवन और कलाकृतियों के कई महत्वपूर्ण सुराग खोजे गए हैं। यह किंबर्ले के उत्तरी क्षेत्र के तट पर, न्यू गिनी से सटे भूमि के टुकड़े के पास स्थित है। इस जगह के बारे में वैज्ञानिकों का दावा है कि यह प्राचीन ऑस्ट्रेलिया की एक कॉलोनी थी और यहां कभी बड़ी आबादी रहती थी।


### शेल्फ डूब गया था

हजारों साल पहले इस जगह के डूबने का कारण समुद्र का बढ़ता स्तर था। शेल्फ का लगभग आधा हिस्सा 12,000 से 9,000 साल पहले डूब गया था, जो समुद्र के तेजी से बढ़ते स्तर के दो चरणों में से पहला था। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे वे लोग, जो महाद्वीपीय शेल्फ पर एक द्वीपसमूह में फंसे हुए थे, वालेसिया के पहले समुद्री खोजकर्ता बन गए, जिससे उनकी समुद्री अर्थव्यवस्थाओं के लिए साहुल के विशाल स्थलीय महाद्वीप के अनुकूल एक परिचित वातावरण तैयार हो गया।वैज्ञानिक कॉलोनी के खोए हुए इतिहास को उजागर करने के लिए काम कर रहे हैं और परिदृश्य के पुरापाषाण काल के पुनर्निर्माण की योजना बना रहे हैं।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com